• जयपुर, सोमवार 21 सितंबर 26 • वर्ष 15 • अंक 322 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI. No. RAJHIN/2011/40950
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

सुविचार
''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित



विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

## भारत-अमेरिका युद्ध अभ्यास में गरजी एम777 तोप, तबाह किए सभी लक्ष्य

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारत और अमेरिका की सेनाएं अपनी तोपखाना क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर रही हैं। तोप की मारक क्षमता का यह प्रदर्शन भारत-अमेरिका के संयुक्त युद्धाभ्यास किया जा रहा है। भारत में जारी युद्धाभ्यास में एम777 अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर से फायरिंग की गई। एम777 अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर तोपों ने सीधे नजर आ रहे लक्ष्यों को डायरेक्ट फायरिंग पद्धति से निशाना बनाया। इस बीच भारतीय सेना ने 'हर पल सतर्क। हर समय तैयार।' का अपना संदेश दोहराया है। सेना जय से विजय मिशन पर काम कर रही है। भारतीय सेना के मुताबिक राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज एम777 की तोप टुकडियों ने बेहद सटीक निशाना साधा। सभी निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। इस दौरान जवानों ने अपनी पेशेवर दक्षता, सटीकता और युद्ध के लिए तैयार रहने की क्षमता का प्रदर्शन किया। फायरिंग खत्म होने के बाद अमेरिकी सैन्य दल ने एम777 की तैनाती वाली जगहों का दौरा किया। अमेरिकी सैनिकों ने भारतीय तोप टुकड़ी के अधिकारियों और जवानों



से बातचीत की। इस दौरान दोनों सेनाओं के बीच सैन्य अनुभव और बेहतर युद्धक प्रक्रियाओं को लेकर जानकारी का आदान-प्रदान हुआ। यह अभ्यास दोनों देशों के सैनिकों को बिलकुल युद्ध जैसी परिस्थितियों में अभ्यास का अवसर दे रहा है। दोनों देश अपनी क्षमताओं को परखने के साथ-साथ एक-दूसरे के अनुभवों से सीख रहे हैं। दोनों सेनाओं का यह अभ्यास 16 सितंबर को राजस्थान की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ था। फायरिंग से कुछ दिन पहले यहां एम-777 अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर की तैनाती से जुड़ी गतिविधियों व संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का प्रदर्शन किया था। इन गतिविधि के तहत एम-777 अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर की तैनाती पर व्याख्यान व प्रदर्शन किया गया।

इसमें सैन्य कर्मियों की जिम्मेदारियों, तोप की तैनाती की प्रक्रिया और स्थानीय रक्षा के समन्वय से जुड़े पहलुओं को समझाया गया था। दोनों देशों के जवानों को जवाबी गोलाबारी की स्थिति में वैकल्पिक स्थानों पर स्थानांतरण की प्रक्रिया पर बताई गई थी। इसके साथ ही 'शूट एंड स्कूट' अभ्यास किया गया। इस प्रक्रिया में निर्धारित कार्रवाई के बाद तोप को तेजी से उसकी स्थिति से हटाने की क्षमता पर जोर दिया जाता है। इस गतिविधि ने भारतीय और अमेरिकी सेना के जवानों को एक-दूसरे के अनुभवों और कार्यप्रणालियों को समझने का अवसर दिया। दोनों पक्षों के सैन्य कर्मियों के बीच संवाद हुआ और सैन्य अभियानों से जुड़े बेहतर तौर-तरीकों का आदान-प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच युद्धाभ्यास का 22वां संस्करण उत्तराखंड के बर्फीले पहाड़ी क्षेत्र औली से लेकर राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज तक एक साथ जारी है। अभ्यास में भारत और अमेरिका के करीब 600-600 सैन्यकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। इस अभ्यास में आधुनिक तकनीक भी केंद्र में है। सैनिक निगरानी और टोह लेने के लिए ड्रोन और स्वायत्त प्रणालियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आधुनिक हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

न्यूज़ अपडेट

### तमिलनाडु के 15 जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान

● चेन्नई में शाम को हल्की बारिश की संभावना



**चेन्नई/एजेंसी।** क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने चेन्नई और कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लूर जिलों सहित तमिलनाडु के कई हिस्सों में रविवार को बारिश होने की संभावना जताई है। आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्र से लेकर मन्नार की खाड़ी तक फैला हुआ एक उत्तर-दक्षिण निम्न दबाव क्षेत्र, जो समुद्र तल से लगभग 0.9 किलोमीटर ऊपर तमिलनाडु के कुछ हिस्सों से होकर गुजरता है, मौसम को प्रभावित कर रहा है। रविवार और सोमवार को नीलगिरी, कोयंबटूर, कुड्डालोर, कृष्णागिरी, सलेम, तिरुपत्तूर, धर्मपुरी, तिरुवनमलाई, विलुपुरम, कल्लाकुरिची, वेल्लोर, पेरम्बालूर, अरियालूर, तिरुचिरापल्ली और मदुरै जिलों में कुछ स्थानों पर गरज, बिजली और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। पुडुचेरी में भी इसी तरह का मौसम रह सकता है।

शेष पश्चिमी घाट जिलों और कराईकल के अलावा चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू, तिरुवल्लूर, शिवगंगा, इरोड, रामनाथपुरम, नामक्कल, मयिलादुथुराई, तंजावुर, तिरुवरुर, करूर, पुदुकोट्टई और नागपट्टिनम में मध्यम तूफान का अनुमान है।

राज्य के अन्य हिस्सों में हल्की गरज के साथ बारिश की संभावना है। 22 सितंबर को पश्चिमी घाट जिलों और चेन्नई और मदुरै सहित कई तटीय और आंतरिक जिलों में कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

## वरिष्ठ पत्रकार पायल मेहता का निधन

### प्रधानमंत्री मोदी समेत कई नेताओं ने जताया शोक

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

वरिष्ठ पत्रकार पायल मेहता का रविवार तड×के मुंबई में निधन हो गया. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और कई केंद्रीय मंत्रियों ने मेहता के निधन पर शोक जताया.

पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पायल मेहता एक मेहनती पत्रकार थीं जो जमीन से मजबूती से जुड़ी रहीं और राष्ट्रीय मुद्दों की गहरी समझ उनकी पत्रकारिता में दिखाई देती थी.'' प्रधानमंत्री ने कहा कि मेहता को काम के अलावा उनके उस स्नेहपूर्ण और आत्मीय व्यवहार के लिए भी याद किया जाएगा जिससे उन्होंने कई लोगों के जीवन को छुआ. उन्होंने कहा, ''उनका अचानक और असमय निधन अत्यंत दुखद है. उनके परिवार, मित्रों और सहकर्मियों के प्रति मेरी संवेदनाएं. ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में शक्ति दे. ओम शांति.''

पायल (46) मुंबई की यात्रा पर थीं तभी उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया



गया, जहां बाद में उनका निधन हो गया. वरिष्ठ पत्रकार शीला भट्ट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''वह (मेहता) मुंबई की यात्रा पर थीं, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई. रात करीब दो बजे उन्हें अस्पताल ले जाया गया. इलाज शुरू होने से पहले ही उनकी नब्ज थम गई.'' मेहता को एक मेहनती पत्रकार के रूप में जाना जाता था और वह संसद, सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़ी खबरों को कवर करती थीं. गृह मंत्री अमित शाह ने मेहता को विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत जानकारी देने के लिए प्रतिबद्ध एक कुशल पत्रकार बताते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाशाली और समर्पित पत्रकार का असमय निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है. उन्होंने 'एक्स' पर कहा, ''मैं उनके शोकाकुल परिवार और मित्रों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उन्हें इस गहरे दुख को सहने की शक्ति दें. ओम शांति. '' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी मेहता के निधन पर गहरा दुख जताया.

रक्षा मंत्री ने कहा, ''वह हमें बहुत जल्द छोड×कर चली गईं. पायल बेहद मेहनती और समर्पित पत्रकार थीं, जिन्होंने पूरी प्रतिबद्धता और पेशेवर तरीके से संसद से जुड़ी खबरों को कवर किया.'' सिंह ने कहा कि संसद सत्र के दौरान मेहता सुबह से देर रात तक वहां मौजूद रहती थीं और कार्यवाही पर लगातार नजर रखते हुए पूरी निष्ठा से अपना दायित्व निभाती थीं.

उन्होंने कहा, ''इस कठिन घड़ी में उनके परिवार और मित्रों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं. ईश्वर उन्हें इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति दे. ओम शांति. '' रेल मंत्री तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी ''पत्रकार और प्रिय मित्र पायल मेहता'' के असमय निधन पर दुख जताया.

उन्होंने कहा, ''रिपोर्टिंग के प्रति उनका समर्पण अनुकरणीय था. ओम शांति.'' संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि मेहता के निधन की खबर से वह स्तब्ध हैं.

उन्होंने कहा, ''मैं कुछ दिन पहले ही उनके पिता की प्रार्थना सभा में शामिल हुआ था. संसद सत्र के दौरान पायल भी मेरी तरह नियमित रूप से संसद आती थीं. वह एक सच्ची पेशेवर पत्रकार थीं. मैं उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं. ओम शांति.''

### पश्चिम बंगाल उपचुनाव से पहले रेजीनगर के निर्दलीय प्रत्याशी गिरफ्तार

● **शफीउल इस्लाम पर 2021 की चुनावी झड़प के मामले में कार्रवाई, एक दिन पहले नंदीग्राम के कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान भी हुए थे गिरफ्तार**

**कोलकाता/एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल की रेजीनगर और नंदीग्राम विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव से पहले राजनीतिक हलचल के बीच रेजीनगर के निर्दलीय प्रत्याशी शफीउल इस्लाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, उनकी गिरफ्तारी 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान दो गुटों के बीच हुई झड़प से जुड़े करीब पांच साल पुराने मामले में की गई है। पुलिस ने उन्हें मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल से गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी 19 सितंबर को हुई थी। पुलिस के मुताबिक, 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले नौदा के पटिकाबाड़ी इलाके में आम जनता उन्नयन पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई थी। शफीउल इस्लाम इस मामले में आरोपी थे। पुलिस के अनुसार, वह इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहे थे। उन्हें रेजीनगर उपचुनाव के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल करने के कुछ दिन बाद गिरफ्तार किया गया है।

### दिल्ली में तेज रफ्तार डंपर ने क्रेन-ऑटो को मारी टक्कर, 3 की मौत और 3 अन्य घायल



**नई दिल्ली/एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सरिता विहार इलाके में रविवार तड़के तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी क्रेन और ऑटो-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के काम में जुटे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में कंपनी का मानव संसाधन प्रबंधक भी शामिल है। दुर्घटना में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार जारी है।

पुलिस के अनुसार, हादसा सरिता विहार थाना क्षेत्र के रोड नंबर-13 पर रविवार तड़के करीब 3:20 बजे हुआ। नोएडा की ओर से आ रहा मध्यम आकार का डंपर तेज रफ्तार में था। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। सड़क किनारे दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के काम में जुटे कर्मचारी मौजूद थे। वहां एक क्रेन और ऑटो-रिक्शा भी खड़ा था। तेज रफ्तार डंपर ने पहले क्रेन और ऑटो-रिक्शा को टक्कर मारी और इसके बाद वहां काम कर रहे कर्मचारियों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त विनीत कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान मानव संसाधन प्रबंधक सूरज (34), संगम विहार निवासी उमेश (23) और प्रवीण (35) के रूप में हुई है। घायलों की पहचान आकाश (20), अनूप (26) और खेम सिंह (40) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, कार्यस्थल पर मौजूद सुधीर नाम का एक अन्य व्यक्ति इस हादसे में बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया।

दिल्ली पुलिस ने मामले में लापरवाही से वाहन चलाने और गैर-इरादतन हत्या से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने हरियाणा पंजीकरण संख्या वाले डंपर ट्रक के साथ दुर्घटनाग्रस्त क्रेन और ऑटो-रिक्शा को भी कब्जे में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने डंपर के मालिक की पहचान सागर भड़ाना के रूप में की है, जो फरीदाबाद के खाकड़ी गांव का निवासी बताया गया है। पुलिस फरार चालक की तलाश के साथ ही दुर्घटना के कारणों और वाहन की गति समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

### मुंबई के कोस्टल रोड पर पुल से गिरी तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार, 3 दोस्तों की मौत



**मुंबई/एजेंसी।** मुंबई के कोस्टल रोड पर रविवार तड×के एक दर्दनाक सड×क हादसे में तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार पुल की दीवार तोड×कर नीचे जा गिरी। दुर्घटना में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक 20 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का अस्पताल में उपचार जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे की मुख्य वजह कार की अत्यधिक गति बताई जा रही है।

हादसा रविवार सुबह करीब 5:20 बजे लाला लाजपत राय कॉलेज के सामने लोटस जेट्टी के पास हुआ। बताया गया कि बीएमडब्ल्यू कार मरीन ड्राइव से हाजी अली की ओर जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और कोस्टल रोड के पुल की दीवार तोड़ते हुए नीचे जा गिरी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार में सवार चार युवकों को उपचार के लिए नायर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने शनाय गज्जल (21), धिर्या सेठ (17) और 25 वर्षीय एक अज्ञात युवक को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल 20 वर्षीय युवक का उपचार जारी है।

पुलिस ने दुर्घटना के जिम्मेदार कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। दुर्घटना के समय चालक ने शराब का सेवन किया था या नहीं, इसका पता लगाने के लिए उसका चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया गया है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता तथा मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाने और लोगों की जान जोखिम में डालने का मामला दर्ज किया है। पुलिस हादसे के कारणों और दुर्घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## मुंबई के लालबाग में गणपति पंडाल के पास करंट फैला, बच्ची समेत 2 की मौत, 4 घायल

**मुंबई/एजेंसी।**

मुंबई के लालबाग इलाके में गणपति उत्सव के दौरान रविवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। कालाचौकी इलाके में गणपति पंडाल के पास अचानक करंट फैलने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम चार लोग झुलस गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल मरीजों को गहन चिकित्सा इकाई में रखा गया है। मृतकों में आठ वर्षीय बच्ची भी शामिल है।

अधिकारियों के अनुसार, हादसा रात करीब 2:20 बजे दत्ताराम लाड मार्ग पर कालाचौकी विभाग सार्वजनिक उत्सव मंडल के पास हुआ। सप्ताहांत होने के कारण गणपति उत्सव में बड़ी






संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इसी दौरान पंडाल के पास अचानक करंट फैल गया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद पीड़ितों को तत्काल भायखला स्थित मसीना अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने आठ वर्षीय बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं, ग्लोबल अस्पताल में भर्ती एक महिला की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मुंबई अग्निशमन दल, पुलिस, बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन उपक्रम (बेस्ट) तथा नगर निगम के संबंधित वार्ड कार्यालय की टीमें मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और हादसे के कारणों की जांच शुरू की।

घायलों की पहचान किरण अकबर नाइक (19), तन्वी नरश हांडे (19), साहिल संदीप तारे (19) और रुही सिंह (12) के रूप में हुई है। मृत आठ वर्षीय बच्ची की पहचान रघनी घनश्याम यादव के रूप में हुई है। वहीं, हादसे में जान गंवाने वाली महिला की पहचान अभी सामने नहीं आई है। गणपति उत्सव के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और विद्युत सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। संबंधित एजेंसियां हादसे की परिस्थितियों और करंट फैलने के कारणों की जांच कर रही हैं।

### फरीदकोट में 47 किलो हेरोइन पकड़ी

● **नाकाबंदी दौरान कार सहित 4 गिरफ्तार 3 विदेशी पिस्टल भी बरामद**

**फरीदकोट/एजेंसी।** फरीदकोट पुलिस के सीआईए स्टाफ ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 47 किलो 332 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने होंडा सिटी में सवार चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तीन विदेशी पिस्टल, मैगजीन और 15 कारतूस भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरुहरसहाय के गांव गूदड़ पंजगराई निवासी मंगल सिंह, जलालाबाद के गांव लमोचड़ खुर्द निवासी अंकुश, सचिन उर्फ संजू और अनमोल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार,बाबा फरीद आगमन पर्व को देखते हुए सीआईए स्टाफ की टीम ने इंचार्ज हाकम सिंह के नेतृत्व में सादिक-दीप सिंह वाला सड़क पर गांव काउंनी के पास नाकाबंदी की हुई थी।

## संपादकीय

# हकीकतें सिर उठाकर खड़ी

जीडीपी आंकड़ों के जरिए अगर मकसद खुशहाली का राजनीतिक कथानक गढ़ना नहीं, बल्कि जमीनी स्थितियों का सही अंदाजा लगाना है, तो सरकार को उन पर उठाए गए प्रश्नों और आलोचनात्मक चर्चा का स्वागत करना चाहिए।

नरेंद्र मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए किर्गिजिस्तान में थे, मगर वहीं से रील बना कर उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़े से सारे देश में खुशी छा गई है! सत्ता पक्ष और मेनस्ट्रीम मीडिया अभी इस ₹खुशी₹ को बांटने में ही जुटा था कि बकौल वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ₹अपने को अर्थशास्त्री कहने वाले कुछ बेरोजगार लोगों₹ ने टीवी चैनलों पर आकर ₹देश को नुकसान पहुंचा₹ दिया! अनुमान लगाया जा सकता है कि गोयल का निशाना पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग की ओर है।

गर्ग ने सोमवार को जारी जीडीपी आंकड़े में मौजूद तथ्यात्मक विसंगतियों की चर्चा की है। सरकार ने अभी तक नहीं बताया है कि गणना की पिछली सीरीज के आधार पर 2025-26 की पहली तिमाही में जीडीपी के 86 लाख करोड़ रुपये का होने का अनुमान लगा था, तो उसे नई सीरीज की गणना में 80 लाख करोड़ क्यों कर दिया गया? गणना में इसी गिरावट के कारण इस वर्ष की पहली तिमाही में अनुमानित 88 लाख करोड़ की नोमिनल जीडीपी साल भर पहले की तुलना में 10 फीसदी से ज्यादा बढ़ी दिखती है। बाद में सरकार ने स्पष्टीकरण जारी किया। मगर उससे गर्ग के उठाए प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला है। बल्कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल जो कहा है, उससे गर्ग की दलील को बल मिलता ही मालूम पड़ा है।

भारत में, खासकर नरेंद्र मोदी सरकार के दौर में, आर्थिक आंकड़ों की गणना को लेकर अक्सर सवाल उठे हैं। नई सीरीज में मैनुफैक्चरिंग के आकलन को लेकर अरविंद सुब्रह्मण्यम और आर. नागराज सहित कई अर्थशास्त्री गंभीर सवाल खड़े कर चुके हैं। अतः जीडीपी आंकड़ों के जरिए अगर मकसद खुशहाली का राजनीतिक कथानक गढ़ना नहीं, बल्कि जमीनी स्थितियों का सही अंदाजा लगाना है, तो सरकार को ऐसे प्रश्नों और चर्चा का स्वागत करना चाहिए। उससे वास्तविक विकास की नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। लेकिन अगर मकसद खुशहाली की अयथार्थ कहानियां फैलाना है, तो उसे समझना चाहिए कि ऐसे प्रयासों की सफलता का दौर गुजर चुका है। अब हकीकतें सिर उठाकर खड़ी हो चुकी हैं।

# आधुनिक भारत के शिल्पकार मोदी

● **अरुण साव**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा की यात्रा सेवा, सुशासन और संकल्प की प्रेरणा है। वे आधुनिक भारत के शिल्पकार हैं। किसी भी योजना के प्रारम्भिक विचार से लेकर उसके क्रियान्वयन से जुड़े सभी पहलुओं पर अन्त्योदय की उनकी दृष्टि अनुकरणीय है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संगठन के किसी दायित्व में रहे हों या फिर प्रधानमंत्री के वर्तमान दायित्व में हों, वे सदैव समाज के वंचित वर्ग के उत्थान को वरीयता देते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते वर्षों में अधोसंरचना को विकास और रोजगार का मजबूत आधार बनाया है। देश में हर दिन लगभग 34 किलोमीटर से अधिक नए राजमार्ग बन रहे हैं। केंद्र सरकार ने राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 35,766 करोड़ तथा राज्य मार्गों और प्रमुख पुलों के निर्माण के लिए 4,468 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। रायपुर-विशाखापट्टनम, रायपुर-बिलासपुर-कटघोरा, नागपुर-संबलपुर और रायपुर-दुर्ग बायपास जैसे महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण से प्रदेश की कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक सुधार हो रहा है।

प्रदेश में 51 हजार करोड़ रुपए की लागत से रेलवे सुविधाओं के विस्तार पर काम हो रहा है। जगदलपुर-रावघाट रेल प्रोजेक्ट बस्तर के जनजातीय समाज के लिए केन्द्र सरकार का अमूल्य उपहार है। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए यह बड़ी उपलब्धि होगी। मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2030 तक प्रदेश में रेल नेटवर्क दोगुना बढ×कर 2200 रूट



किलोमीटर हो जाएगा।

सड×कें विकास की जीवनरेखा हैं। लोक निर्माण विभाग के माध्यम से हमारा प्रयास है कि अच्छी और सुरक्षित सड×कें केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहें, बल्कि गाँव, कस्बे, औद्योगिक क्षेत्र और दूरस्थ अंचल भी बेहतर सम्पर्क से जुड़ें। प्रधानमंत्री ने सड×क और रेल सम्पर्क को जिस तरह आर्थिक प्रगति से जोड़ा है, उसी सोच के अनुरूप छत्तीसगढ़ में भी सड×क, पुल और भवन निर्माण के कार्यों को तेसे आगे बढ़ाया जा रहा है।

हमारा दूसरा बड़ा संकल्प है, हर घर तक स्वच्छ पेयजल। प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन के माध्यम से देश में पेयजल को जनआंदोलन का रूप दिया है। छत्तीसगढ़ में भी ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुँचाने के लिए बड़े स्तर पर काम हो रहा है। अब हमारी प्राथमिकता केवल नल कनेक्शन देना नहीं, बल्कि नियमित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल सुनिश्चित करना है। जलस्त्रोतों की स्थिरता, जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन को भी हम इसके साथ जोड़ रहे हैं।

शहर बदलेंगे, तभी विकसित छत्तीसगढ़ का सपना पूरा होगा। प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और अमृत मिशन के माध्यम से देश के शहरों के विकास की नई सोच दी है। छत्तीसगढ़ में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग इसी दिशा में साफ-सफाई, पेयजल, सड×क, प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर काम कर रहा है। हमारा प्रयास है कि छोटे नगरों में भी अच्छी और आधुनिक नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध हों।

प्रधानमंत्री की नागरिकों के जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाने की दूरदृष्टि के साथ हम छत्तीसगढ़ के शहरों में समावेशी बनाने में जुटे हैं।

युवा शक्ति विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं को खेल, कौशल, नवाचार और नेतृत्व से जोड×कर उन्हें राष्ट्र निर्माण के केंद्र में रखा है। छत्तीसगढ़ में भी खेल और खिलाडि़यों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करना हमारी प्राथमिकता है। प्रतिभाओं को अवसर देने, खेल अधोसंरचना मजबूत करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडि़यों को प्रोत्साहित करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।

हमारी कोशिश है कि खेल प्रतिभाएँ केवल बड़े शहरों से नहीं, बल्कि गाँवों और जनजातीय अंचलों से भी सामने आएँ। बस्तर जैसे क्षेत्रों में खेलों के प्रति युवाओं का बढ़ता उत्साह इसका उदाहरण है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडि़यों को प्रोत्साहन देने के साथ उनके भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है।

प्रधानमंत्री का मानना है कि देश का युवा केवल अवसर पाने वाला नहीं, बल्कि नए अवसर पैदा करने वाला भी बने। इसी भावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ में युवाओं को कौशल, स्टार्टअप, नई तकनीक और रोजगार से जोडने़ की दिशा में काम हो रहा है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बाहर जाने की मजबूरी न हो, बल्कि उन्हें छत्तीसगढ़ में ही आगे बढने़ के पर्याप्त अवसर मिलें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, दृढ़ संकल्प एवं प्रभावी रणनीति के परिणामस्वरूप भारत तथा छत्तीसगढ़ को दशकों पुरानी नक्सल समस्या से निर्णायक मुक्ति मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य दिया है। विकसित भारत के इस संकल्प को विकसित छत्तीसगढ़ की कार्ययोजना के साथ हम साकार करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को छत्तीसगढ़ की धरती पर साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमें विश्वास है कि छत्तीसगढ़ अपनी पूरी क्षमता के साथ विकसित भारत की यात्रा का अगुवा बनेगा।

# जोखिम से सुरक्षा तक आपदा बनी नहीं राह का रोड़ा

## पीएम फसल बीमा योजना से किसान तरुण चंदेल को मिला 28 हजार रुपए का आर्थिक संबल

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों की आर्थिक समृद्धि और जोखिम प्रबंधन के लिए संचालित योजनाएं धरातल पर सार्थक परिणाम दे रही हैं। नारायणपुर जिले के ग्राम बिंजली निवासी कृषक तरुण चंदेल की कहानी इस बात का जीवंत प्रमाण है कि कैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना विपरीत परिस्थितियों में किसानों के लिए सुरक्षा कवच और आर्थिक संबल बनकर उभरी है।

### ● 4 एकड़ खेती और अनिश्चितता की चुनौती

तरुण चंदेल अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए पूर्णतः कृषि कार्य पर निर्भर हैं। उनके पास लगभग 4 एकड़ कृषि भूमि है, जिस पर वे प्रतिवर्ष पारंपरिक एवं आधुनिक तकनीक से खेती-किसानी करते हैं। खेती ही उनकी आजीविका का एकमात्र मुख्य जरिया होने के कारण फसल क्षति का सीधा असर उनके पारिवारिक बजट और दैनिक जीवन पर पड़ता था। मौसम की अनिश्चितता, कीट प्रकोप एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल खराब होने का जोखिम हमेशा बना रहता था।

### ● बीमा सुरक्षा ने घटाया नुकसान का जोखिम

जोखिम से बचाव के लिए तरुण चंदेल ने वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी फसल का बीमा कराया था। जब आपदा के कारण उनकी फसल को क्षति पहुंची, तो उन्होंने तत्काल नियमानुसार दावा प्रस्तुत किया। विभागीय प्रक्रिया और पारदर्शी आकलन के उपरांत उन्हें 28 हजार रूपए की बीमा दावा राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हुई।

लाभान्वित किसान तरुण चंदेल बताते हैं कि खेती में मौसम का कोई भरोसा नहीं रहता। फसल नष्ट होने पर बीज, खाद, श्रम और पारिवारिक खर्च निकालना बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसे कठिन समय में मिली 28 हजार रुपए की बीमा राशि ने मेरे ऊपर से आर्थिक दबाव कम कर दिया और मुझे अगली फसल की तैयारी का संबल प्रदान किया।

### ● सेवा संकल्प अभियानः हर पात्र हितग्राही तक पहुंच रहा लाभ

राज्य में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित किए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से किसानों को कृषि जोखिमों से बचाव और बीमा सुरक्षा से जोडने का सघन कार्य जारी है।

### ● उम्मीदों को मिली नई उड़ान

फसल क्षति के बाद मिली सहायता राशि से न केवल तरुण चंदेल का आर्थिक नुकसान कम हुआ, बल्कि उनका कृषि कार्य के प्रति आत्मविश्वास भी पुनर्गठित हुआ है। वे कहते हैं कि शासन की इस योजना ने उन्हें खेती जारी रखने का भरोसा दिया है। तरुण चंदेल ने इस आर्थिक संबल और त्वरित सहायता के लिए शासन-प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

**सेवा संकल्प अभियान**

# डिजिटल पंखः क्रेडिट बैंक और डिजीलॉकर से गढ़ी कहानी बदलाव की, पूरा हुआ सेवा का संकल्प

● **विष्णु प्रसाद वर्मा**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग के समन्वय से शुरू हुई एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और डिजीलॉकर एकीकरण योजना ने राज्य में शिक्षा का परिदृश्य पूरी तरह बदल दिया है। सत्र 2023-24 से लागू हुई यह व्यवस्था वर्ष 2026 में पूरी तरह परिपक्वहो चुकी है, जिससे राज्य के 6.5 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं का भविष्य सुरक्षित और सुगम हो गया है। यह पहल छत्तीसगढ़ में सुदूर वनांचल से लेकर शहरी क्षेत्रों तक सुशासन और सेवा आपके द्वार की अवधारणा को चरितार्थ कर रही है।

### ● डिजिटल लॉकरः सुरक्षा और स्वतंत्रता का आधार

नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी से जुड़े विश्वविद्यालयों के माध्यम से अब डिग्रियां और अंकसूचियां सीधे डिजीलॉकर में सुरक्षित हो रही हैं, जिससे प्रमाणपत्रों के गुम या खराब होने का जोखिम खत्म हो चुका है। डिजिटल दस्तावेज कानूनी रूप से मूल हार्ड कॉपी के समान मान्य हैं। इससे युवाओं को अब नौकरियों या प्रवेश के लिए यूनिवर्सिटी के चक्कर नहीं काटने पड़ते।

### ● विद्यार्थियों के जीवन में कहानी बदलाव की

यह योजना विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री एंड एग्जिट की स्वतंत्रता देती है। यदि बस्तर का कोई छात्र पारिवारिक परिस्थितियों के कारण दो वर्ष की पढ़ाई के बाद कॉलेज छोड़ता है, तो उसके कमाए हुए क्रेडिट उसकी एबीसी आईडी में सुरक्षित रहते हैं। कुछ वर्षों बाद वह रायपुर, बिलासपुर या देश के किसी भी विश्वविद्यालय में सीधे तीसरे वर्ष में दाखिला लेकर अपनी शिक्षा पूरी कर सकता है। पहले जहाँ पढ़ाई छूटने पर मेहनत जीरो मानी जाती थी, वहीं अब क्रेडिट बैंक युवाओं के सपनों को टूटने से बचा रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आप तरक्की की नई ऊंचाइयों को छुएंगे और दुनिया भर में आपका नाम होगा। आज आपको व्यापार में किसी व्यक्ति से बड़ा धन लाभ कमाने का अवसर प्राप्त होगा। आज घर में फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है , जिसकी वजह से काम थोड़ा सा विलंब हो सकता है। रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी, जिससे आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।

**वृष राशि :**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप अपने व्यापारिक मामलों में किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशविरा कर सकते हैं। इस राशि के छात्र अपने कॉम्पटीशन की तैयारी को जारी रखें , बहुत जल्द ही आपको सकारात्मक परिणाम हासिल होंगे। आज आपको जीवनसाथी से काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे , जिससे आपकी उलझन का समाधान मिलेगा।

**मिथुन राशि :**

आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज का दिन आप अपने तरीके से बिताने की कोशिश करेंगे और आज आपका काम में भी मन लगेगा। बिजनेसमैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं , जिससे आपके व्यापार को ग्रोथ मिलेगी। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपके सिर से बोझ हल्का होगा। आज आप दोस्तों के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हैं।

**कर्क राशि :**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आपको नौकरी में आगे बढने़ के बेहतरीन मौके मिलेंगे और आपकी आय में इजाफा होगा। आज आप कुछ वक्त बच्चों के साथ गुजारेंगे , आपको खुशी मिलेगी और आपका माइंड भी फ्रेश फील करेगा। आज आपको पैसों के मामलों में दूसरों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। आज आप जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने का प्लान कर सकते हैं। आज आप किसी रिश्तेदार के आने की खुशी में अच्छे-अच्छे पकवान बनाएंगी।

**सिंह राशि :**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपको तमाम उलझनों से मुक्ति मिलेगी और आज आपके परिवार में धार्मिक अनुष्ठान की योजना भी बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आज आप किसी योजना के ऊपर फिर से काम शुरू कर सकते हैं , जिसमें आपको दोस्तों से मदद मिलेगी। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा , जीवनसाथी से किसी विषय पर बात हो सकती है मुमकिन है वो आपकी बातों से सहमत भी हों।

**कन्या राशि :**

आज का दिन आपके लिए उत्तम साबित होगा। आज आप सबसे पहले पेंडिंग कार्यों को पूरा करेंगे , उसके बाद ही किसी अन्य कार्य की योजना बनायेंगे। आज आपको ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। इस राशि के जो व्यक्ति मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है , आपको प्रमोशन मिलने की संभावना बनती दिख रही है। आज आपका मन रचनात्मक चीजों की तरफ थोड़ा ज्यादा रहेगा , आप पेंटिंग भी बना सकते हैं।

**तुला राशि :**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आप बिजनेस में अच्छा धन लाभ कमायेंगे और आपकी भौतिक सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। आज आपको राजनीतिक रिश्तों का बड़ा फायदा होगा , कोई अटका हुआ कार्य आपका पूरा हो जायेगा। इस राशि के राइटर आज नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे समाज के द्वारा खूब पसंद किया जायेगा। आज आप माता-पिता के साथ किसी धार्मिक जगह पर जा सकते हैं जहां आपको मानसिक शांति मिलेगी।

**वृश्चिक राशि :**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने से पहले उसकी पूरी जानकारी इक्ा कर लें। आज आपके जीवन में नयी जिम्मेदारियां आएंगी , जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। आज आपकी मेहनत और लगन देखकर जूनियर भी आपसे कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे। आज आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए इससे आप स्वास्थ्य समस्या से दूर रहेंगे। आज आप किसी भी व्यक्ति पर आंख बंद करके भरोसा न करें।

**धनु राशि :**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप आपको धन लाभ कमाने के कई बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ लेकर आप अपने जीवन में तरक्की कर सकते हैं। आज आप दोस्त की बर्थ-डे पार्टी में जायेंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ मस्ती करने का मौका मिलेगा। आज आप नई स्किल सीख सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। इस राशि की महिलाएं आज अपने इंटरेस्ट के हिसाब से किसी काम की शुरुआत कर सकती हैं।

**मकर राशि :**

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। आज आप मन लगाकर काम करेंगे , जिसके आपको अच्छे रिजल्ट्स मिलेंगे। आज आप जीवन साथी के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनायेंगे साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। आज किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए, इससे आपकी इमेज अच्छी बनेगी। आज आप समय रहते ऑफिस के सारे काम निपटा लेंगे , जिससे आप टाइम से घर जा सकें। आज आप स्वास्थ्य की समस्याओं को लेकर सतर्क रहें और डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें।

**कुंभ राशि :**

आज का दिन आपके लिए रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आप व्यापार के लंबित मामलों को किसी करीबी की मदद से सुलझाने में सक्षम रहेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा और आपसी रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको भविष्य में फायदा हो सकता है। आज किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी साथ ही साथ आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आज आपकी लंबे समय बाद किसी मित्र से मुलाकात होगी , जिससे मिलकर आपको खुशी होगी।

**मीन राशि :**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे , समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आप घर पर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं , जिससे घर आकर्षक और सुंदर लगेगा। इस राशि के रियल स्टेट का बिजनेस कर रहे व्यक्ति आज हाउसिंग प्रोजेक्ट को लॉन्च कर सकते हैं । आज आप अपने डेली रुटीन में कुछ बदलाव कर सकते हैं , जिसके आपको लॉन्ग टर्म में फायदे मिलेंगे। आज किसी काम के सिलसिले में आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है।

## सू- दोकू क्र.166

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.165 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -166

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 165 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

# नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव सामुदायिक सहभागिता से ही संभव है, नशा मुक्ति का संकल्प

चमकता राजस्थान

**धौलपुर से रामदास तरुण धौलपुर।** 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत–राष्ट्रीय संकल्प अभियान' के अंतर्गत माय भारत धौलपुर द्वारा कृष्णा पब्लिक स्कूल, राजोरा खुर्द में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ स्वस्थ, अनुशासित एवं नशा-मुक्त समाज के निर्माण में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में युवाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशा मुक्ति की शपथ ली। साथ ही 'सिग्नेचर वॉल' पर हस्ताक्षर कर नशे से दूर रहने तथा समाज को नशा-मुक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान नशा मुक्ति विषय पर युवा संवाद भी आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं ने नशे के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक प्रभावों तथा इसके समाधान में युवाओं और समुदाय की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी, माय भारत धौलपुर जनक राज मीना ने की। उन्होंने कहा कि नशे से दूरी और खेल, फिटनेस तथा सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ाव युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ाता है। उन्होंने युवाओं से खेल एवं शारीरिक गतिविधियों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा नशे के विरुद्ध जागरूकता का संदेश परिवार और समुदाय तक पहुंचाने का आ''ान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य नीरज कुमार ने कहा



कि नशा मुक्ति की शुरुआत परिवार से होती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों एवं युवाओं के साथ निरंतर संवाद रखने, उनका मार्गदर्शन करने तथा उन्हें सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने का आ''ान किया।सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण ने नशे से प्रभावित बच्चों एवं महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा मुक्ति केवल किसी एक व्यक्ति का विषय नहीं है, बल्कि इसके लिए परिवार, युवा, समुदाय और समाज के सभी वर्गों के एकजुट प्रयास एवं सहयोग की आवश्यकता है। कार्यक्रम के मंच संचालक एवं शिक्षक मानसिंह ने नशे के व्यापक प्रभावों पर चर्चा करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक जीवन को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आ''ान किया। युवा चेतना फाउंडेशन धौलपुर के अध्यक्ष रामदास तरुण ने युवाओं को नशे से पूरी तरह दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि ''नशा नाश की नींव है।'' उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और यदि युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, रोजगार, सामाजिक सेवा एवं रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ें तो समाज को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आ''ान किया। कार्यक्रम में अमित परमार व्यवस्थापक, मान सिंह परीक्षा प्रभारी, विपिन अंग्रेजी विभाग, रामकेश विज्ञान विभाग, नरेश, विट्ठू कुमार सह-व्यवस्थापक, अंकन, सूरज संस्कृत विभाग, वीरेंद्र ट्रैफिक इंचार्ज, श्रीनिवास, नीलम कुमारी, गुंजन, प्रीती, सुधा, दुर्गेश, जुली परमार, रामबीर सिंह, राकेश, छोटू कुशवाहा तथा बहादुर कुशवाहा सहित विद्यालय परिवार के सदस्य, गणमान्यजन एवं सैकड़ों की संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान युवाओं में नशा मुक्ति को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। शपथ ग्रहण, सिग्नेचर वॉल एवं युवा संवाद के माध्यम से युवाओं ने नशे के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। माय भारत धौलपुर द्वारा युवाओं से आ''ान किया गया कि वे 'नशा मुक्त युवा' के संकल्प को व्यक्तिगत आदत तक सीमित न रखते हुए परिवार, विद्यालय एवं समुदाय तक पहुंचाएं, ताकि स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार युवा शक्ति के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में प्रभावी योगदान दिया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर ग्रामीण में महिला महासम्मेलन का भव्य आयोजन

- **40 जिलों से 3000 से अधिक योग साधिकाओं ने किया सहभागिता**
- **जसमीत कौर सलूजा ने पूज्या साध्वी देव प्रिया जी का अंगवस्त्र पहनाकर किया सम्मान**




**चमकता राजस्थान/चौमू।** पतंजलि विश्वविद्यालय एवं महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राजविलास गार्डन, एम.डी. स्वीट्स के पीछे, थाना मोड़, चौमू, जयपुर ग्रामीण में भव्य महिला महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूज्या केंद्रीय प्रभारी साध्वी देव प्रिया जी का पावन सान्निध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। राजस्थान की राज्य प्रभारी सरिता गुर्जर जी के नेतृत्व में आयोजित इस महासम्मेलन में राजस्थान के 40 जिलों से 3000 से अधिक योग साधिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विशाल आयोजन में योग, संस्कृति, अध्यात्म एवं संस्कार का अद्भुत संगम देखने को मिला। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ एवं संस्कारवान समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

- **ब्यावर की योग साधिकाओं ने निभाई सक्रिय सहभागिता**

महासम्मेलन में ब्यावर की जिला प्रभारी जसमीत कौर सलूजा की विशेष सहभागिता रही। उनके नेतृत्व में ब्यावर से बड़ी संख्या में योग साधिकाएं कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर जसमीत कौर सलूजा ने पूज्या केंद्रीय प्रभारी साध्वी देव प्रिया जी को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित योग साधिकाओं में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण रहा। ब्यावर से परमजीत कौर दुआ, विजयलक्ष्मी कुमावत, नेहा गोयल, ज्योति मिश्रा, मीना बुंदेल, मंजू जोधावत एवं हर्षिता सालवी सहित अनेक योग साधिकाओं ने महासम्मेलन में सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के माध्यम से तहसील, गांव और शहर–हर क्षेत्र तक योग की लहर पहुंचाने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा भारतीय योग, संस्कृति एवं संस्कारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। महिला महासम्मेलन योग, संस्कृति, अध्यात्म एवं संस्कार का विशाल महाकुंभ बनकर सामने आया। महिलाओं की बड़ी एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को विशेष रूप से सफल और प्रभावशाली बनाया।

# क्रिएटिव इकोनॉमी फोरम में राजीव अरोड़ा ने रखे भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक अर्थव्यवस्था से जोड़ने के विचार

चमकता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पूर्व राज्य मंत्री राजीव अरोड़ा नई दिल्ली में आयोजित क्रिएटिव इकोनॉमी फोरमझसीजन 4 में पैनलिस्ट के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने रचनात्मक अर्थव्यवस्था, भारतीय सांस्कृतिक विरासत और नई पीढ़ी के लिए उपलब्ध संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए।

राजीव अरोड़ा ने कहा कि रचनात्मक अर्थव्यवस्था केवल कला और रचनात्मक कार्यों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह भारत की संस्कृति, परंपराओं, शिल्प, विरासत और लोककथाओं को नए विचारों, उद्यमिता तथा आधुनिक बाजार से जोड़ने की व्यापक संभावना है। भारत के पास हजारों वर्षों की समृद्ध सांस्कृतिक पूंजी है, जिसे नई पीढ़ी की रचनात्मकता, प्रौद्योगिकी और उद्यमशीलता से जोड़कर वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई जा सकती है।

उन्होंने 'भारत की वैश्विक सांस्कृतिक पहचान' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हमारी विरासत केवल अतीत की स्मृति नहीं है, बल्कि भविष्य की अर्थव्यवस्था का भी महत्वपूर्ण आधार बन सकती है। हस्तशिल्प, आभूषण, वस्त्र, परंपराएं, संग्रहालय और सांस्कृतिक संस्थानों में रोजगार, नवाचार, पर्यटन तथा उद्यमिता की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।



- **अमरपाली संग्रहालय को मिला सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान अमरपाली संग्रहालय को क्रिएटिव ग्लोबल वॉयस ऑफ इंडिया अवॉर्ड्स के अंतर्गत 'राजस्थानझवर्ष का सर्वश्रेष्ठ संग्रहालय' सम्मान मिलने पर राजीव अरोड़ा ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि भारतीय जनजातीय, लोक और पारंपरिक आभूषण विरासत के संरक्षण के लिए किए गए लंबे प्रयासों की पहचान है। अमरपाली संग्रहालय की यात्रा व्यक्तिगत संरक्षण के प्रयास से शुरू होकर व्यापक सांस्कृतिक संरक्षण के अभियान तक पहुंची है। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों की पारंपरिक और दुर्लभ आभूषण विरासत को संरक्षित करने के साथ यह प्रयास भी किया गया है कि प्रत्येक आभूषण केवल एक वस्तु बनकर न रह जाए, बल्कि उससे जुड़ा इतिहास, शिल्प कौशल, समुदाय और सांस्कृतिक कथा भी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचे।

- **जयपुर की सांस्कृतिक पहचान का किया उल्लेख**

जयपुर से अपने विशेष जुड़ाव का उल्लेख करते हुए अरोड़ा ने कहा कि जयपुर केवल एक ऐतिहासिक शहर नहीं, बल्कि कला, आभूषण, हस्तकला, डिजाइन, स्थापत्य और संस्कृति का जीवंत केंद्र है। उन्होंने कहा कि जयपुर की पहचान को दुनिया तक पहुंचाने में यहां के कारीगरों, कलाकारों, डिजाइनरों, उद्यमियों और सांस्कृतिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि ''जयपुर की पहचान ही भारत की सांस्कृतिक संपदा का हिस्सा है।'' हमारी जिम्मेदारी केवल इस विरासत को सुरक्षित रखने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे नई पीढ़ी के विचारों और आधुनिक नवाचार से जोड़कर आगे बढ़ाना भी आवश्यक है।

# ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में गौरी-गणपति विसर्जन का भक्तिमय आयोजन

## छठे दिन 16,053 गणपति और 1,039 गौरी प्रतिमाओं का विसर्जन; विभिन्न विसर्जन व्यवस्थाओं से नागरिकों को मिली सुरक्षित सुविधा

चमकता राजस्थान

**ठाणे :** ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में गौरी-गणपति विसर्जन के छठे दिन नागरिकों ने भक्तिमय वातावरण में गणपति एवं गौरी प्रतिमाओं का विसर्जन किया। महानगरपालिका द्वारा विभिन्न विसर्जन घाटों पर की गई व्यवस्था के अनुसार कुल 16 हजार 053 गणपति प्रतिमाओं तथा 1 हजार 039 गौरी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। गणपति और गौरी की कुल 17 हजार 092 प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ।

- **प्रभाग समितिनुसार गणपति विसर्जन**

गणपति प्रतिमा विसर्जन का प्रभाग समितिनुसार आकलन करने पर



उथलसर में 612, नौपाड़ा-कौपरी में 2,809, कलवा में 2,491, दिवा में 829, मुंब्रा में 348, माजिवड़ा-मानपाड़ा में 3,758, लोकमान्य-सावरकर में 230, वागले में 2,749 तथा वर्तकनगर में 2,227 गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सभी प्रभाग समितियों को मिलाकर कुल 1,039 गौरी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

- **विभिन्न विसर्जन व्यवस्थाओं की सुविधा**

गणपति विसर्जन के लिए महानगरपालिका की ओर से टैंक विसर्जन व्यवस्था, मूर्ति स्वीकृति केंद्र, कृत्रिम तालाब, खाड़ी घाट तथा मोबाइल विसर्जन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। इन विभिन्न व्यवस्थाओं के माध्यम से नागरिकों को सुविधाजनक और सुरक्षित तरीके से विसर्जन करने की सुविधा उपलब्ध हुई। कुल 16,053 गणपति प्रतिमाओं में से 3,726 प्रतिमाओं का टैंक विसर्जन, 158 प्रतिमाओं का मूर्ति स्वीकृति व्यवस्था के माध्यम से, 10,207 प्रतिमाओं का कृत्रिम तालाबों में, 1,938 प्रतिमाओं का खाड़ी घाट पर, जबकि 24 प्रतिमाओं का मोबाइल विसर्जन व्यवस्था के माध्यम से विसर्जन किया गया। महानगरपालिका द्वारा विभिन्न स्थानों पर की गई सुनियोजित विसर्जन व्यवस्था के चलते गणेशभक्तों को विसर्जन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

### रावणा राजपूत समाज महासंगठन की बैठक आयोजित, 3 जनवरी को होगा युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन

**चमकता राजस्थान** जयपुर। रावणा राजपूत समाज महासंगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक महासंगठन के अध्यक्ष दिलीप सिंह राजावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 3 जनवरी 2027 को युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के माध्यम से समाज के युवक-युवतियों को वैवाहिक संबंधों के लिए एक मंच उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए गोविंद सिंह चौहान (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) को संयोजक तथा गोपाल सिंह सोलंकी को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सम्मेलन के आयोजन में सहयोग के लिए रावणा राजपूत समाज महासंगठन की संपूर्ण प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी को भी सम्मिलित किया जाएगा। बैठक में पदाधिकारियों ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया।

यह जानकारी महासंगठन के महासचिव विक्रम सिंह पवार ने दी।

### कटरा में वैष्णो देवी हेलीपैड टर्मिनल पर लगी भीषण आग, टिकट काउंटर के कंप्यूटर और कैफे जलकर खाक

**कटरा/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी धाम के आधार शिविर कटरा में रविवार तड×के बड़ा हादसा हो गया। त्रिकूट पर्वत पर स्थित मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बने हेलीपैड टर्मिनल में अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में टर्मिनल का एक हिस्सा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि, हादसे के समय टर्मिनल बंद होने के कारण किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा संकट टल गया।

- **तड़के 3:15 बजे भड़की आग, शॉर्ट सर्किट की आशंका**

अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, हेलीपैड टर्मिनल परिसर में आग तड़के करीब 3:15 बजे लगी। आग लगने का शुरुआती कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। लपटें उठती देख मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। इसके बाद स्टाफ, सुरक्षा बलों और अग्निशमन व आपातकालीन सेवा के जवानों ने संयुक्त मोर्चा संभालते हुए महज 30 मिनट के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

- **टिकट काउंटर और कॉफी शॉप जलकर राख**

वैष्णो देवी यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह हेलीपैड टर्मिनल एक बेहद अहम ट्रांजिट पॉइंट है। गनीमत यह रही कि जिस समय हादसा हुआ, उस समय टर्मिनल में श्रद्धालुओं की आवाजाही नहीं थी और वह पूरी तरह बंद था। अधिकारियों ने बताया कि आग की चपेट में आने से टिकट काउंटर पर रखे कई कंप्यूटर सिस्टम और पास में स्थित एक कॉफी शॉप जलकर पूरी तरह राख हो गए।

- **नुकसान का आकलन जारी, बड़ा हादसा टला**

दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई के चलते आग को बाकी हिस्सों में फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा ढांचागत नुकसान होने से बच गया। प्रशासनिक अधिकारी फिलहाल आग से हुए कुल वित्तीय और तकनीकी नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और हेलीकॉप्टर सेवाओं पर इसका क्या असर पड़ेगा, इसकी समीक्षा की जा रही है।

# बसेड़ी नगरपालिका में भाजपा के राघवेंद्र जाटव निर्विरोध चेयरमैन निर्वाचित, निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र प्रसाद ने सौंपा प्रमाण पत्र, शपथ के बाद बाजार में हुआ स्वागत

चमकता राजस्थान

**धौलपुर संवाददाताः रामदास तरुण/बसेड़ी।** बसेड़ी नगरपालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राघवेंद्र जाटव निर्विरोध चेयरमैन निर्वाचित हुए। शुक्रवार को निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र प्रसाद ने राघवेंद्र जाटव को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपा। इसके बाद उन्हें नगरपालिका अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष पद के लिए निर्धारित समय सीमा तक केवल राघवेंद्र जाटव का ही नामांकन दाखिल हुआ था। कांग्रेस सहित किसी अन्य प्रत्याशी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया। ऐसे में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद राघवेंद्र जाटव



का निर्विरोध निर्वाचन घोषित किया गया। निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत मौजूद रहे। वहीं राघवेंद्र जाटव के पिता छितरीया लाल जाटव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। निर्विरोध निर्वाचन के बाद कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने राघवेंद्र जाटव को बधाई दी। वार्ड चुनाव में किसी दल को नहीं मिला था स्पष्ट बहुमत गौरतलब है, कि हाल ही में हुए, नगरपालिका पार्षद चुनाव में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। नगरपालिका के कुल 25 वार्डों में भाजपा और कांग्रेस ने 8-8 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि 9 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी हुए थे, वार्डों में इस तरह बंटे हुए चुनावी गणित के बीच भाजपा प्रत्याशी राघवेंद्र जाटव का निर्विरोध नगरपालिका अध्यक्ष निर्वाचित होना स्थानीय निकाय चुनाव की महत्वपूर्ण घटनाओं में रहा।अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य प्रत्याशी का नामांकन नहीं होने के चलते चुनावी मुकाबले की स्थिति नहीं बनी। नई नगरपालिका बोर्ड के सामने विकास की जिम्मेदारी राघवेंद्र जाटव के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने और शपथ ग्रहण के बाद अब नई, नगरपालिका बोर्ड के सामने बसेड़ी शहर के विकास से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी रहेगी। शहर की सफाई व्यवस्था, सड़क एवं नाली निर्माण, प्रकाश व्यवस्था तथा आमजन से जुड़े स्थानीय मुद्दों के समाधान को लेकर लोगों की उम्मीदें नई बोर्ड से जुड़ी रहेंगी। प्रमाण पत्र मिलने के बाद बाजार में स्वागत शुक्रवार को चुनावी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र प्रसाद ने नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष राघवेंद्र जाटव को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रमाण पत्र प्राप्त करने और शपथ ग्रहण के बाद राघवेंद्र जाटव समर्थकों के साथ बाजार की ओर रवाना हुए। इस दौरान बाजार में दुकानदारों, भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया तथा उन्हें निर्विरोध चेयरमैन बनने पर बधाई दी। समर्थकों की मौजूदगी और स्वागत के चलते बाजार में उत्साह का माहौल नजर आया।

# सत्ता पक्ष के नगरसेवक, विधायक और उपमुख्यमंत्री के पुत्र सांसद होने के बावजूद नागरिकों के हिस्से में गड्ढे, कचरा और ट्रैफिक जाम?

## मुंब्रा देवी कॉलोनी की सड़क बदहाल; अवैध पार्किंग और फेरीवालों से सड़क हुई संकरी

**चमकता राजस्थान**

दिवा : दिवा शहर के मुंब्रा देवी कॉलोनी क्षेत्र में सड़क की बदहाली का मुद्दा एक बार फिर सामने आया है। गणेशोत्सव के दौरान नागरिकों और श्रद्धालुओं की भारी आवाजाही के बावजूद सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी शिकायत स्थानीय नागरिकों द्वारा की जा रही है।

मुंब्रा देवी कॉलोनी की सड़क करीब 20 फीट चौड़ी बताई जाती है। हालांकि, सड़क के दोनों ओर होने वाली अवैध पार्किंग के कारण वाहनों और नागरिकों के आवागमन के लिए उपलब्ध जगह और कम हो जाती है। इसके अलावा फेरीवालों का अतिक्रमण बढ़ने से शाम के समय सड़क का स्वरूप लगभग गली जैसा हो जाता है, ऐसी शिकायत स्थानीय नागरिकों की है। विशेष रूप से मुंबादेवी अस्पताल के पास के क्षेत्र में पैदल चलने वालों के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं बचती, ऐसा स्थानीय नागरिकों का कहना है। वहीं वाडेकर स्कूल के पास स्कूल छूटने के समय विद्यार्थियों की भारी भीड़ होती है। उस समय संकरी सड़क, पार्किंग और फेरीवालों के कारण विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फेरीवालों से पैसे लेकर सड़क पर व्यवसाय करने की अनुमति दिए जाने का आरोप भी कुछ स्थानीय नागरिकों द्वारा लगाया जा रहा है।





हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से कोई आधिकारिक पुष्टि उपलब्ध नहीं है। ठाणे महानगरपालिका ने वर्ष 2026 में फेरीवालों का पुनःसर्वेक्षण शुरू किया है और स्पष्ट किया है कि सर्वेक्षण के लिए किसी भी प्रकार का पैसा न दें। यदि किसी व्यक्ति द्वारा पैसे की मांग की जाती है, तो सहायक आयुक्त के पास शिकायत करने की अपील भी महापालिका ने की है।

सड़क के दोनों ओर कचरा जमा होना, कुछ स्थानों पर पानी का जमाव और साफ-सफाई की कमी के कारण नागरिकों की परेशानी और बढ़ रही है, ऐसा स्थानीय नागरिकों का कहना है।

इस बीच, दिवा प्रभाग समिति के पास सड़क, अतिक्रमण और फेरीवालों के संबंध में कई बार शिकायत करने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने का दावा नागरिकों द्वारा किया जा रहा है। इससे पहले भी मुंब्रा देवी कॉलोनी सहित दिवा क्षेत्र में अनधिकृत फेरीवालों के खिलाफ महापालिका द्वारा कार्रवाई किए जाने की खबरें सामने आई हैं।

ठाणे महानगरपालिका आयुक्त सौरभ राव ने सितंबर 2026 में दिवा प्रभाग के अंतर्गत सड़कों, यातायात, जलापूर्ति, ड्रेनेज और स्वच्छता सहित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर लंबित कार्यों को गति देने के निर्देश दिए थे, ऐसी जानकारी सामने आई है।


- **अब कार्रवाई का इंतजार**

हालांकि, मुंब्रा देवी कॉलोनी की सड़क की वास्तविक स्थिति कब सुधरेगी? यह सवाल स्थानीय नागरिकों द्वारा उठाया जा रहा है।

अब दिवा प्रभाग समिति के नए सहायक आयुक्त प्रवीणकुमार फड सड़क पर अवैध पार्किंग, फेरीवालों के अतिक्रमण, कचरे और जलजमाव की समस्या पर ठोस कार्रवाई करेंगे या नागरिकों को एक बार फिर इसी स्थिति से गुजरना पड़ेगा, इस पर दिवेकरों की नजर है।

## संक्षिप्त समाचार

### जाम्भा में शहीद महेश विश्नोई स्मृति रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन, मानेवड़ा बनी चैंपियन



**चमकता राजस्थान** फलोदी पांचाराम डारा। चमकता राजस्थान जिले के बाप उपखंड के जाम्भा गांव में अमर शहीद महेश विश्नोई की यादगार में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजित शानदार समापन हुआ। पूरे मैदान को दूधिया रोशनी से दुल्हन की तरह सजाया गया था। फ्लड लाइटों की रोशनी में खिलाड़ियों का जोश देखते ही बन रहा था। देर रात तक चले इस आयोजन में दर्शकों का उत्साह कम नहीं हुआ।

फाइनल मुकाबला मानेवड़ा व जिंक जोधाणा लोहावट के बीच खेला गया। लोहावट ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 99 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मानेवड़ा ने अंतिम ओवर की 2 गेंद शेष रहते हुए 2 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

- **कानून व्यवस्था रही चाक-चौबंद**

प्रतियोगिता के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में जाम्भा थानाधिकारी देवाराम की टीम व पटवारी रामस्वरूप विश्नोई ने विशेष सहयोग किया। उनकी मुस्तैदी से पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

समापन समारोह में महंत भगवानदास, महंत प्रेमदास, आईजी देवेंद्र विश्नोई, पूर्व विधायक किशनाराम विश्नोई, एडीएम श्यामसुंदर गोदारा, एसडीएम बाप सत्यनारायण विश्नोई, पूर्व जिपस रेशमाराम गोदारा, मनोहर लाल गीला, रामस्वरूप पटवारी, अशोक ढाका सहित अनेक अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने शहीद को नमन किया। हजारों दर्शकों ने पहुंचकर कार्यक्रम के चार चांद लगा दिए।

### 70वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

- **उद्घाटन मुकाबले में फौजीवाला की टीम ने दर्ज की जीत, खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह**



**चमकता राजस्थान** रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, रायसिंहनगर में 70वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फौजीवाला और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 15 ए की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ खेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फौजीवाला की टीम ने जीत दर्ज कर उद्घाटन मैच अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, खेल भावना और आपसी भाईचारे के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आ''ान किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ बेहतर प्रदर्शन के लिए मंच मिल रहा है।

# जर्जर एम्बुलेंस बनी हादसे का कारण? ब्रेक फेल होने से इको से भिड़ी

**चमकता राजस्थान**

खिवाडा -स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र के घेनड़ी-बोलागुड़ा तिराहे पर रविवार सुबह मरीजों को लेकर पाली जा रही 108 एम्बुलेंस अचानक ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित हो गई। बेकाबू एम्बुलेंस सामने से आ रही इको कार से जा भिड़ी। हादसे में इको कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि कार चालक अरुण भाटी की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

हादसे के समय इको कार में पांच लोग सवार थे, जबकि एम्बुलेंस में तीन लोग मौजूद थे। गनीमत रही कि सभी लोग सुरक्षित रहे और कोई जनहानि नहीं हुई।



जर्जर एम्बुलेंस पर उठे सवाल

हादसे के बाद खिंवाड़ा सीएचसी की 108 एम्बुलेंस की हालत को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मरीजों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने वाली एम्बुलेंस की नियमित जांच और समय पर मरम्मत बेहद जरूरी है। इसके बावजूद एम्बुलेंस के बार-बार खराब होने की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार एम्बुलेंस की स्थिति को लेकर कई बार संबंधित विभाग से नियमित जांच और समय पर मरम्मत की मांग की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। ऐसे में जर्जर वाहन के संचालन से मरीजों, एम्बुलेंस कर्मचारियों और सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।

- **इनका कहना है-**

जर्जर एम्बुलेंस के संबंध में विभाग को अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद एम्बुलेंस को ठीक नहीं किया जा रहा है। पिछले करीब एक साल से एम्बुलेंस बार-बार खराब होती रहती है।- डॉक्टर भूपेन्द्रसिंह चौहान, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खिंवाड़ा।

### राबड़िया में 70वीं जिला स्तरीय साइक्लिग प्रतियोगिता का शुभारंभ

- **14 वर्षीय छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिता में 45 खिलाड़ियों ने लिया भाग, स्मार्ट रूम का हुआ उद्घाटन**



**चमकता राजस्थान** पाली / राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राबड़िया में 70वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा साइक्लिग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में जिलेभर से कुल 45 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता संयोजक हनवत्त सिंह उदावत ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में स्मार्ट रूम का उद्घाटन जागनाथ युवा मंडल, एसीबीईओ महावीर सिंह सोनीगरा एवं प्रशासिका श्रीमती देवी हंसारामजी चौधरी ने किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ रानी खंड अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गिरवर, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह महेचा सहित मूलदान चारण, लक्ष्मण सिंह राठौड़, कुलदीप अग्रवाल, खेल प्रभारी राजेन्द्र कुमार प्रजापत, प्रियंका परिहार, राकेश कुमार सीरवी, पुखराज सीरवी, आनंद सिंह चारण, भगाराम सीरवी सहित निर्णायक धनाराम एवं शिक्षक उपस्थित रहे। मंच संचालन मांगीलाल प्रजापत एवं मूलदान चारण ने किया।

# 70वीं जिला स्तरीय 14 वर्ष छात्र-छात्रा बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**चमकता राजस्थान**

महेश कुमार बिड़ला/मीडिया प्रभारी मांडल भीलवाड़ा भीलवाड़ा। 70वीं जिला स्तरीय 14 वर्ष छात्र-छात्रा बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 सितंबर 2026 को प्रातः 8:30 बजे द एजुकेशियो पब्लिक स्कूल, पालड़ी रोड, भीलवाड़ा में हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन 20 सितंबर से 23 सितंबर 2026 तक किया जा रहा है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय मांडल विधायक श्री उदयलाल जी भड़ाणा रहे। कार्यक्रम में भीलवाड़ा बैडमिंटन संघ के अतिरिक्त सचिव श्री भूपेंद्र सिंह जी, पालड़ी के प्रधानाचार्य श्री राजेश जी पारीक, विद्यालय की प्रधानाचार्य शशि सारस्वत एवं निदेशक जी. के. पांडे सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता के संयोजक श्री राजेंद्र जी काबरा हैं। प्रतियोगिता में चंद्रशेखर पारीक, वैभव झंवर, दिनेश शर्मा, संगीता बैरागी, अर्चना नरुका एवं शालिनी जोशी निर्णायक की भूमिका निभा रहे हैं।

प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। इसी क्रम में हुए मुकाबले में सोमिल स्कूल ने एस टेक स्कूल को हराकर जीत दर्ज की। खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया।

इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं।

आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेलप्रेमियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

### सभापति चुनाव से पहले कांग्रेस ने मांगी पार्षदों के घर सुरक्षा

- **जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, अतिरिक्त पुलिस जाब्ता लगाने की मांग**
- **जालौर दैनिक चमकता राजस्थान ब्यूरो रिपोर्ट कयुम खान**




**चमकता राजस्थान** जालोर। नगर परिषद जालोर के सभापति चुनाव को लेकर सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। जिला कांग्रेस कमेटी जालोर ने 18 सितंबर को जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षदों के घरों की सुरक्षा बढ़ाने तथा शहर और मतदान स्थल पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात करने की मांग की है।

कांग्रेस ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि सभापति चुनाव से पहले बाहरी लोगों के शहर में आने और पार्षदों व उनके परिजनों को कथित रूप से धमकाए जाने से भय का माहौल बना हुआ है। कांग्रेस ने पार्षदों के घरों की सुरक्षा के साथ शहर में कानून-व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। ज्ञापन में मतदान स्थल पर अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने, निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकृत व्यक्तियों को ही परिसर में प्रवेश देने तथा मतदान की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संभावित दुरुपयोग पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की गई है।

कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि पार्षदों पर दबाव, खरीद-फरोख्त और अन्य माध्यमों से चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा सकता है। पार्टी ने मतदान एवं मतगणना स्थल पर निष्पक्ष अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग करते हुए नियुक्त किए जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने की मांग भी रखी है।

- **21 सितंबर को होना है सभापति चुनाव**

नगर परिषद जालोर के सभापति पद का चुनाव 21 सितंबर 2026 को प्रस्तावित है। कांग्रेस ने जिला निर्वाचन अधिकारी से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने तथा किसी भी प्रकार के दबाव, हिंसा या धनबल के संभावित दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है।

### प्यास के साथ भूख से मर रहे पशु, अकाल राहत सिर्फ भाषणों में

**चमकता राजस्थान** घंटियाली के युवाओं ने पंचायती राज चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने की छेड़ी मुहिम कांग्रेस बीजेपी नेताओं की गांव में नही होने देंगे मीटिंग। सोशल मीडिया के मा×र्फत युवाओं ने एक मुहिम छेड़ी है। जिसमें सोशल मीडिया के मा×र्फत ही पंचायती राज चुनाव बहिष्कार करते हुए। चेतावनी के तौर पर कह रहे है। कि राजनीति दल की पार्टियों की मीटिंग का भी बहिष्कार करेंगे। आजादी के 75 वर्ष में एक बूंद पानी ही गांव के ग्रामीणों को नसीब नही हो रहा है। तो नेताओ के झूठे वादों के खिलाफ एकजुटता के साथ नेताओं का विरोध करने का निर्णय लिया है। वही जिला प्रसाशन से ग्रामीणों ने मांग कर रहे है कि घंटियाली के चारों नलकूपों को तुरंत चालू करवाया जाए, टैंकरों से निःशुल्क जलापूर्ति हो, अकाल राहत कार्य तुरंत शुरू किए जाएं, नहीं तो बड़ा आंदोलन होगा।

# रियांबड़ी में विकसित भारत जन सेवा शिविर आयोजित, 22 विभागों की सेवाएं एक ही छत के नीचे; मौके पर हुआ समस्याओं का समाधान

**चमकता राजस्थान**

राजस्थान : नागौर,रियांबड़ी। शासन सचिव एवं आयुक्त, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार पंचायत समिति रियांबड़ी क्षेत्र में 19 सितंबर से 25 सितंबर 2026 तक विकसित भारत जन सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक आयोजित हो रहे हैं, जिनका उद्देश्य आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

सहायक विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद सैनी ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य पात्र व्यक्तियों को विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना, आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं विभागीय सेवाएं उपलब्ध कराना तथा आमजन की परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण कर राहत प्रदान करना है। इससे ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है और सरकारी सेवाएं सीधे गांव स्तर पर उपलब्ध हो रही हैं।



उन्होंने बताया कि शिविर में ग्रामीण विकास, पंचायती राज, राजस्व, राजीविका, वन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, ऊर्जा, कृषि, आयोजना, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, श्रम, आपदा प्रबंधन एवं सहायता, जल संसाधन, परिवहन, सहकारिता, शिक्षा, आयुर्वेद, सैनिक कल्याण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचडी ) तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग (पी डब्लू डी ) सहित कुल 22 विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

रविवार को आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया। साथ ही ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई कर अनेक मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में लोगों ने सरकारी योजनाओं, प्रमाण-पत्रों, पेंशन, राजस्व संबंधी कार्यों सहित विभिन्न विभागीय सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में उपखंड अधिकारी विनीत कुमार सुखाड़िया, तहसीलदार अशोक कुमार, विकास अधिकारी संजय शर्मा, सहायक अभियंता राकेश कुमार महरिया, सहायक विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद सैनी, नायब तहसीलदार प्रेम कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण, लाभार्थी एवं जनप्रतिनिधियों ने भी शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

प्रशासन का कहना है कि ऐसे शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा पारदर्शी एवं प्रभावी सेवा वितरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रेड आर्मी ब्लड हेल्पलाइन के रक्त सैनिक शिवम ग्वाला के 27वें जन्मदिवस पर सेवा कार्यों के तहत 27 यूनिट रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद



**चमकता राजस्थान** रेड आर्मी ब्लड हेल्पलाइन के रक्त सैनिक शिवम ग्वाला के 27वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा कार्यों की श्रृंखला आयोजित की गई। जन्मदिवस को जरूरतमंदों की सहायता, जीव सेवा एवं रक्तदान के माध्यम से सार्थक रूप से मनाया गया।

सेवा कार्यों की शुरुआत प्रातः 8 बजे पुरानी ब्यावर रोड स्थित नंदीशाला से हुई, जहां सभी नंदियों को हरा चारा खिलाया गया। इसके पश्चात पुरानी ब्यावर गौशाला में गौ माताओं को हरा चारा खिलाकर गौ सेवा की गई। इसके बाद मकरेड़ा तालाब पहुंचकर मछलियों को ब्रेड टोस्ट खिलाया गया। तत्पश्चात डुंगरी माता स्थित पक्षीघर में पक्षियों के लिए मक्की-बाजरा तथा चींटियों के लिए कीड़ी चुग्गा डाला गया।

सेवा कार्यों की श्रृंखला का मुख्य आयोजन रक्तदान शिविर अमृत कोर हॉस्पिटल में ठीक प्रातः 11 बजे हुआ, जब शिवम ग्वाला के 27वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 27 यूनिट रक्तदान करवाया गया। रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को सहायता प्रदान की गई।

इस अवसर पर रेड आर्मी ब्लड हेल्पलाइन की टीम ने रक्त सैनिक शिवम ग्वाला द्वारा अपने जन्मदिवस को सेवा और रक्तदान के लिए समर्पित करने की सराहना करते हुए उनके सेवाभाव की भरपूर प्रशंसा की।

पूरे दिन आयोजित इन सेवा कार्यों में जैकी साहू, अन्ना भाई, शिवम ग्वाला, नितिन साहू, चंदन गोयल, विजय ग्वाला, राजेंद्र भाटी, विशाल ग्वाला, गणेश सांखला, विक्रम सिंह, लोकेश, सुनील सांखला, जितेंद्र चौधरी, प्रिंस श्रीवास्तव सहित अन्य मित्रगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी ने कहा कि जन्मदिवस को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि जीव सेवा और रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों के माध्यम से मनाना समाज के लिए प्रेरणादायी संदेश है।

### नशामुक्त भारत अभियान के तहत दौड़ एवं शपथ हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित




**चमकता राजस्थान** बदायूं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के विजन तथा युवा शक्ति का नशामुक्त भारत के उद्देश्य को साकार करने के लिए मेरा युवा भारत बदायूं द्वारा 100 सप्ताह के राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में एस.के. स्पोर्ट्स फील्ड, बदायूं में युवाओं के लिए दौड़ कार्यक्रम एवं नशामुक्त भारत की शपथ व हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना उन्हें सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना तथा स्वस्थ जागरूक एवं जिम्मेदार युवा शक्ति के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करना रहा इस अवसर पर युवाओं ने नशामुक्त भारत के समर्थन में शपथ ली और हस्ताक्षर कर अपने संकल्प को व्यक्त किया दौड़ गतिविधि के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली खेल एवं सकारात्मक सोच का संदेश भी दिया गया जिला युवा अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा बताया गया कि 100 सप्ताह तक चलने वाला यह अभियान युवाओं को जागरूकता सकारात्मकता खेल भावना और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास करेगा इस अवसर पर रविन्द्र पाल सिंह कार्यालय सहायक माणिक्य मौर्य बदायूं टॉक अफन राजपूत अजय सिंह गुरु चरण अजय सिंह ओमवीर दद्दा अमन सिंह आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे

# लच्छाराम परिहार बने अध्यक्ष, भानाराम जयपाल सचिव व जसाराम आगलेसा कोषाध्यक्ष

## विश्व ज्ञान दीप शिक्षा एवं शोध संस्थान की नई कार्यकारिणी निर्विरोध गठित

चमकता राजस्थान

रानी । श्री मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान शाखा रानी के अधिकृत विश्व ज्ञान दीप शिक्षा एवं शोध संस्थान वरकाणा के द्विवार्षिक चुनाव संस्थान परिसर में सर्वसम्मति एवं निर्विरोध रूप से संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान समाज के पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों ने आपसी सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं दायित्व की शपथ भी दिलाई गई।

चुनाव में गुड़ा मेहराम रानी निवासी लच्छाराम परिहार को संस्थान का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वहीं भानाराम जयपाल बोरडी को सचिव, जसाराम आगलेसा खौड़ को कोषाध्यक्ष तथा प्रकाश कुमार देवली पाबूजी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव पर्यवेक्षक तुलसाराम बोगरचा अटाटिया एवं देदाराम वर्मा सरथुर ने चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाया।

पर्यवेक्षकों ने बताया कि संस्थान की पूर्व कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नियमानुसार द्विवार्षिक चुनाव



आयोजित किए गए। चुनाव के दौरान सभी पदों पर सर्वसम्मति बनने से कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए संस्थान के उद्देश्यों एवं गतिविधियों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

- **निवर्तमान अध्यक्ष ने गिनाई संस्थान की गतिविधियां**

इस अवसर पर संस्थान के निवर्तमान अध्यक्ष दलपत खारड़ा ने पिछले कार्यकाल के दौरान संस्थान की ओर से किए गए कार्यों एवं विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्थान शिक्षा, प्रतिभा प्रोत्साहन एवं समाजहित से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास करता रहा है। उन्होंने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए संस्थान की गतिविधियों को और गति देने की बात कही।

- **ये रहे उपस्थित**

बैठक में श्री मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान शाखा रानी के अध्यक्ष दीपाराम बागरेचा, सचिव खुमाराम हटेला पिलोवनी, जीईएन उम्मेदाराम बोस, खीमाराम परमार, मांगीलाल रांगी, दोलाराम किरवा, मांगीलाल सोनल, नारायणलाल परिहार, पुखाराम वागोणा, मनाराम परमार, बाबूलाल सोलंकी, रमेश परिहार, छोगाराम सुमन, चेनाराम मेन्शन, चेलाराम पंवार, ताराराम परिहार, मोहनलाल विरायस, रामलाल परिहार, चिमनाराम परिहार, जनकराज राठौड़ एवं वालाराम पारंगी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं संस्थान से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

## 70वीं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ, क्रिकेट में मेजबान फलोदी की जीत

चमकता राजस्थान



अनिल सैन/ फलोदी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी की मेजबानी में 70वीं जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-17 एवं अंडर-19 छात्र-छात्राओं की शतरंज, टेबल टेनिस और क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

संयोजक एवं प्रधानाचार्य मनमोहन पुरोहित ने बताया कि उद्घाटन समारोह में वेदज्ञ आचार्य महेंद्र पुरोहित ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना के साथ प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। शतरंज में 45 विद्यालयों के 103 खिलाड़ी, टेबल टेनिस में 21 विद्यालयों के 78 खिलाड़ी तथा क्रिकेट में 30 विद्यालयों के 424 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन क्रिकेट मुकाबले में मेजबान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी की टीम ने बाल अकादमी खीचन को 10 विकेट से हराकर विजयी शुरुआत की। एक अन्य मुकाबले में सरस्वती स्कूल ने पलीना को पराजित किया। टेबल टेनिस अंडर-17 छात्र वर्ग में टेडिकिड्स विजेता तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी उपविजेता रहा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर फलोदी एवं मुख्य अतिथि प्रियंका तलानिया ने खिलाड़ियों को खेल भावना और ईमानदारी के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उपखंड अधिकारी पूजा चौधरी, अध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी सोहन राम बिश्नोई सहित भीकम चंद सोनी, किशोर कुमार बोहरा, मोखराम विश्नोई, देवेंद्र थानवी, विनोद पुरोहित, ईश्वर सिंह, गोपाल देवड़ा, खेल प्रभारी राधेश्याम मेघवाल, शारीरिक शिक्षक सुखराम बिश्नोई सहित कई अधिकारी, शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक सेवाओं के लिए डॉ. शुभांगनी शर्मा और सुरेश शर्मा को मिला 'शिक्षक गौरव अवार्ड'




**चमकता राजस्थान** नई दिल्ली मेंअन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच की ओर से शिक्षक दिवस एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समापन महोत्सव का आयोजन हुआ। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले देशभर के शिक्षाविदों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रुण्डल निवासी अध्यापक सुरेश कुमार शर्मा तथा मनोहरपुर निवासी दिल्ली विश्वविद्यालय में कार्यरत प्रोफेसर डॉ. शुभांगनी शर्मा को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवाओं, प्रभावी शिक्षण पद्धति, विद्यार्थियों के प्रति समर्पण एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रतिष्ठित 'शिक्षक गौरव अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति जे.के. रांका, न्यायमूर्ति डॉ. इशरत मशकर कुटुसी तथा रोमा इंटरनेशनल कल्चर यूनिवर्सिटी के कुलपति हुकुमचंद गणेशिया ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 51 शिक्षाविदों को साफा पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षाविदों को उनके शैक्षणिक योगदान, विद्यार्थियों के मार्गदर्शन तथा समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए सराहा गया।

अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच के संयोजक डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा ने कहा कि समरसता मंच शिक्षा,समन्वय ,शांति ,वसुधैव कुटुंबकम और सत्यम शिवम सुन्दरं के सिद्धांत पर कार्य करता है. उन्होंने बताया कि सुरेश कुमार शर्मा और डॉ. शुभांगनी शर्मा द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों, विद्यार्थियों के प्रति समर्पण, प्रभावी शिक्षण तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवाओं को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है।समापन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े समाजसेवी, शिक्षाविद, गणमान्य नागरिक सहित अनेक प्रतिनिधि मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान वास्तव में शिक्षा और ज्ञान की उस परंपरा का सम्मान है, जो समाज को नई दिशा देने का कार्य करती है।'शिक्षक गौरव अवार्ड' से सम्मानित होने पर सुरेश कुमार शर्मा और डॉ. शुभांगनी शर्मा को क्षेत्र के शिक्षकों, विद्यार्थियों, परिवारजनों, ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी। दोनों की इस उपलब्धि से रुण्डल, मनोहरपुर सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर कार्य कर रहे शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर के मंच पर सम्मान मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

यह सम्मान न केवल दोनों शिक्षाविदों की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रभावी शिक्षण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षकों के प्रयासों को सम्मान देने वाला प्रेरणादायी अवसर भी है।

## डग नगरपालिका में 9 नव निर्वाचित पार्षदों ने ली पद एवं स्वच्छता की शपथ

चमकता राजस्थान

रविवार को डग नगरपालिका कार्यालय में नव निर्वाचित पार्षदों के शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।डग तहसीलदार महेंद्र सिंह हाड़ा ने कांग्रेस के निर्वाचित 14 पार्षदों में से 9 पार्षदों को पद एवं गोपनीयता और स्वच्छता की शपथ दिलाकर प्रमाण पत्र सौंपे।रविवार दोपहर बाद नगरपालिका कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पार्षद राहुल प्रजापत,अरुण बागड़ी, कैलाश कुमार,जब्बार पंकज जैन,कृष्णपाल सिंह,गुमान लाल,राहुल लाल एवं मुख्तार अहमद को तहसीलदार महेंद्र सिंह हाड़ा ने शपथ दिलाई।



इससे पूर्व कांग्रेस के पांच निर्वाचित पार्षद विस्मय धींग, टीना नागर,अंशु कुमारी, निर्मला वेद एवं जहानिसार को शपथ दिलाई जा चुकी है।इस प्रकार कांग्रेस के सभी 14 निर्वाचित पार्षदों की शपथ ग्रहण प्रक्रिया रविवार को पूरी हो गई।शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान अजय नागर,बबलू सिंह,राजेंद्र सिंह,शंभू सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नव निर्वाचित पार्षदों के समर्थक मौजूद रहे।

डग नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए आज 21 सितंबर को चुनाव होगा।अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।प्रशासन ने चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस की ओर से टीना नागर और भाजपा की ओर से भगवती बाई के बीच सीधा मुकाबला है।बहुमत के लिहाज से कांग्रेस के पास 14 पार्षद हैं जबकि भाजपा के पास 6 पार्षद हैं,ऐसे में कांग्रेस का बोर्ड बनना तय माना जा रहा है।अध्यक्ष पद के चुनाव के साथ ही डग में नई नगरपालिका बोर्ड की तस्वीर पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी। वहीं 22 सितंबर को उपाध्यक्ष पद का चुनाव होना है।

## पर्युषण पर्व की समाप्ति पर निकला भव्य वरघोड़ा, धर्मसभा व स्वामी वात्सल्य का हुआ आयोजन

**चमकता राजस्थान** पर्वाधिराज पर्युषण पर्व की समाप्ति के अवसर पर रविवार को श्वेतांबर जैन समाज की ओर से भव्य धार्मिक वरघोड़ा निकाला गया।वरघोड़े में समाजजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान के जयकारों के साथ नगर में धार्मिक वातावरण बनाया।वरघोड़े से पूर्व समाजजनों के लिए नवकारसी का आयोजन किया गया,जिसका लाभ कैलाश चंद,बसंती लाल डोसी परिवार द्वारा लिया गया। इसके पश्चात वरघोड़ा पद्मप्रभु जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गों होलीथड़ा,बुधवारिया दरवाजा,पुराना बस स्टैंड,नीम चौक एवं कचहरी से होते हुए पद्मप्रभु जैन उपाश्रय पहुंचा।उपाश्रय में धर्मसभा का आयोजन



किया गया।धर्मसभा के दौरान दोनों मंदिरों में भगवान महावीर स्वामी की माता त्रिशला द्वारा देखे गए चौदह शुभ स्वप्नों से संबंधित चढ़ावे बोले गए।इसके साथ ही महाआरती का चढ़ावा भी बोला गया।समाजजनों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान की आरती की तथा मंगलदीप किया।इस दौरान पर्युषण पर्व के दौरान किए गए धार्मिक आयोजनों एवं साधना का स्मरण करते हुए समाजजनों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं और क्षमा याचना की।धार्मिक आयोजन के समापन के बाद श्री संघ की ओर से समाजजनों के लिए स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने प्रसादी ग्रहण की।पर्युषण पर्व के समापन अवसर पर पूरे आयोजन में जैन समाज के लोगों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली।

# घंटियाली में चार नलकूप होते हुए भी एक बूंद पानी नहीं, पूरे क्षेत्र में अकाल का साया

## घंटियाली राम और राज दोनों रूठे, क्षेत्र में पानी की किल्लत

चमकता राजस्थान

फलौदी। पांचाराम डारा पिछले तीन माह से पीएचईडी विभाग की हरकत से घंटियाली में एक बूंद पानी नसीब नही हो रहा है। दूसरी ओर भगवान भी रुठ गये। कि पूरे क्षेत्र में अकाल का साया पड़ा है।यानी राम और राज दोनों ही रूठे । मानसून ने मुंह फेर लिया तो सरकार की योजनाएं कागजों में ही अटक कर रह गईं। नतीजा घंटियाली सहित पूरे क्षेत्र में पानी की भयंकर किल्लत और अकाल का साया मंडरा रहा है।

घंटियाली मुख्यालय पर खारा पानी होने के कारण तीन किमी पर चार अलग अलग नलकूप होते हुए भी ग्रामीणों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो रहा। नलकूप बंद पड़े हैं। जिसके चलते घंटियाली मुख्यालय तक पानी नही पहुंच रहा है। इस युग मे 2026 में भी टैंकर राज चल रहा है।

ग्रामीणों का आरोप बीजेपी कांग्रेस दोनो सरकार के नुमाइंदे फेल डबल इंजन की सरकार



कहने वालों की भी सरकार के काम ठप से ग्रामीण पानी पानी की त्राहि कर रहे है।

अउ में अधिकारी मौज कर रहे हैं और धूप में जनता हलक सुखा रही है। ढलएऊ दफ्तर में ठंडी हवा चल रही है, गांव में मोटरें जली पड़ी हैं।

- **टैंकर माफिया की मौज, गरीब की जेब खाली**

पानी की किल्लत के चलते टैंकर माफिया की चांदी हो गई है। 1500 रुपये में एक टैंकर पानी बेचा जा रहा है, वो भी सरकार की नाक के नीचे परन्तु विभाग के आला अधिकारी फील्ड नोकरशाह होते हुए भी ऑफिस की एसी में मौज कर रहे है।

वही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले विधानसभा ओर लोकसभा चुनाव के वक्त बीजेपी के नेता पूर्व सरकार को कोसते थे, अब खुद तीन वर्ष से मौन है। ग्रामीण तंज कसते हैं - ₹पहले कांग्रेस राज में पानी नहीं था, अब बीजेपी राज में भी वही हाल है।

# हॉक की उड़ान, दिलों में अरमान, आसमान में तिरंगा बना तो गूंजा जय हिंदुस्तान

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद में रविवार की सुबह लगभग साढे. बजे आसमान में सबसे पहले विमानों की गूंजती गर्जना सुनाई दी..., फिर देखते ही देखते नौ विमान एक साथ नजर आए और हजारों निगाहें वहीं ठहर गईं। पलक झपकते विमान नीचे आए, तेजी से पलटे और फिर आसमान की ऊंचाई में पहुंच गए। कुछ क्षण बाद धुएं की लकीरों ने आसमान पर तिरंगा उकेर दिया। करीब 100 फीट की ऊंचाई पर विमानों ने दिल की आकृति बनाई तो न्यू इंटीग्रेटेड टाउनशिप तालियों और जय हिंद के नारों से गूंज उठी। भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम के एयर शो का रविवार को दूसरा दिन था। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित एयर शो ने प्रदेश में युवाओं को राष्ट्रनिर्माण, अनुशासन और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने की योगी सरकार की पहल को भी नई ऊर्जा दी। करतबों के बीच मैदान लगातार तालियों और ह्यभारत माता की जयह्न, ह्यजय हिंदह्न के नारों से गूंजता रहा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित एयर शो के दूसरे दिन शनिवार की तुलना में कई गुना अधिक भीड़ थी। वायुसेना ने लगभग 30 मिनट तक रोमांच और शौर्य से भरा हवाई प्रदर्शन किया। हर करतब के साथ भारत माता की जय और जय हिंद के नारे वातावरण में गूंजते रहे। हिंडन एयरबेस से उड़ान भरकर आए हॉक एमके-132 विमानों ने ऐसा तालमेल दिखाया कि दर्शकों की आंखें कुछ देर के लिए जैसे आसमान पर जम गईं। कई बार दो विमान एक-दूसरे से बेहद कम दूरी पर साथ उड़ते दिखाई दिए। कभी विमान तेजी से नीचे आते और उसी रफ्तार में ऊपर उठ जाते तो कभी दो विमान आमने-सामने से क्रास होते हुए नजर आए। यह दृश्य आते ही मैदान में मौजूद लोगों के मुंह से अनायास चीख निकल गई और अगले ही पल तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई देने लगी।

बच्चों और युवाओं में एयर शो का अलग ही उत्साह दिखाई दिया। कोई हाथ से विमानों की दिशा बताता रहा तो कोई मोबाइल कैमरा आसमान की ओर किए रहा। बच्चों ने कहा कि विमान इतनी तेजी से कलाबाजी कर रहे थे कि आंखें हटाने का मन ही नहीं हुआ। कई बच्चों ने इसे पहली बार प्रत्यक्ष देखा और कहा कि प्रदर्शन ने उन्हें वायुसेना के बारे में जानने तथा देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा दी।

दूसरे दिन एयरशो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रहे। उन्होंने कहा कि सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम करीब 30 वर्षों से देश-दुनिया के अलग-अलग स्थानों पर अपने प्रदर्शन से भारतीय वायुसेना की क्षमता का परिचय दे रही है। उन्होंने कहा कि आसमान में दिखने वाला यह प्रदर्शन केवल रोमांच नहीं, बल्कि साहस, पराक्रम, धैर्य और अनुशासन का परिचय है। ऐसे आयोजन युवाओं को सेना और वायुसेना से जुड़कर राष्ट्रसेवा करने के लिए प्रेरित करते हैं।

राज्यसभा सांसद डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि मेरठ में सूर्यकिरण का प्रदर्शन युवाओं के लिए उत्साह बढ़ाने वाला अवसर रहा। उन्होंने कहा कि सेना के जवान कठिनतम परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं और वायुसेना के पायलट आसमान में जिस कौशल का प्रदर्शन करते हैं, उससे भारतीय सैन्य शक्ति का एक अलग आयाम सामने आता है। इस तरह के कार्यक्रम युवाओं को सेना में जाने के लिए प्रेरणा देते हैं।



# केन्द्रीय मंत्री ने एशिया के पहले टेलीकॉम मैन्युफैक्क्रिंग जोन का किया निरीक्षण



**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश का ग्वालियर अब देश के टेलीकॉम मैन्युफैक्क्रिंग सेक्टर के एक बड़े केंद्र के रूप में उभरने जा रहा है। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को माधवराव सिंधिया काउंटर मैग्नेट सिटी (साडा) में प्रस्तावित टेलीकॉम मैन्युफैक्क्रिंग जोन के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया।

ग्वालियर में स्थापित होने वाला यह एशिया का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्क्रिंग जोन होगा। प्रस्तावित टेलीकॉम मैन्युफैक्क्रिंग जोन में लगभग 5,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ करीब 18,000 रोजगार के अवसर सृजित होगा।

निरीक्षण के बाद आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ दिल्ली और मुम्बई में औद्योगिक समिट के माध्यम से 24 कंपनियों द्वारा 5500 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 3 लाख 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता सामने आई, जिससे लगभग 14 हजार रोजगार का सृजन होगा। वहीं मुम्बई में आयोजित कार्यक्रम में 2 हजार करोड़ के निवेश से लगभग 4 हजार रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि 24 कंपनियों द्वारा इन्वेस्टमेंट की सूची के परिणाम स्वरूप कंपनियों से भूमि आवंटन के समय ही आवेदन प्रक्रिया में शामिल होने को कहा गया है। यहां 24 कंपनियों ने आवेदन प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली है। उन्होंने कहा कि यह केवल ह्लएकह्व औद्योगिक इकाई की स्थापना नहीं है, बल्कि ग्वालियर में टेलीकॉम क्षेत्र से जुड़ी 24-25 विनिर्माण इकाइयों का पूरा औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम है। इन इकाइयों में टेलीकॉम उपकरण और विभिन्न कंपोनेंट्स का निर्माण किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि टेलीकॉम मॅन्युफैक्क्रिंग जोन ग्वालियर में लाने में मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विशेष सहयोग रहा है। इसके लिये मुख्यमंत्री को धन्यवाद है। प्रदेश सरकार द्वारा टेलीकॉम उद्योगों के लिये आकर्षक प्रोत्साहन पैकेज तैयार किया गया है। जिससे उद्योगों के लिये भूमिलीज, बिजली, रोजगार और उत्पादन से जुड़े हुए प्रोत्साहन के साथ-साथ पर्यावरण, हरित विकास से प्रोत्साहन भी शामिल है।

# युवा प्रश्न पूछें, संवाद से जुड़ें और उनके भीतर की संवेदना को समझें : दत्तात्रेय होसबाले

**भोपाल।** राष्ट्रीय संस्थान छात्र संवाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि नई पीढ़ी का प्रश्न पूछना भारतीय परंपरा का हिस्सा है। युवाओं के प्रश्नों को सुनने, समझने और संवाद के माध्यम से उत्तर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी युवा को उसके बाहरी स्वरूप या विचारों के आधार पर देखने के बजाय उसके भीतर की संवेदना और सकारात्मक शक्ति को समझना चाहिए। समाज सेवा न्यास द्वारा आयोजित संवाद में लगभग 250 विद्यार्थी एवं प्राध्यापक शामिल हुए। कार्यक्रम में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के साथ मध्यभारत प्रांत संघचालक अशोक पांडेय तथा भोपाल विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर मंचस्थ रहे। भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पार्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद राम जन्मभूमि संघर्ष पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, प्रशासनिक, तकनीकी और राष्ट्रीय विषयों से जुड़ी 11 जिज्ञासाएं रखीं।



सोशल मीडिया और वैचारिक ह्यइको चैंबरह्न के दौर में युवाओं से जुड़ने के प्रश्न पर होसबाले ने कहा कि आज पीढ़ियों को ह्यजेन जीह्न और ह्यजेन अल्फाह्न जैसे नामों से परिभाषित किया जाता है, जबकि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को ह्ययुवा भारतह्न कहा था। उन्होंने कहा कि नरेंद्र के रूप में स्वामी विवेकानंद ने भी प्रश्न किए थे और नचिकेता का प्रश्न करना भारतीय परंपरा में प्रसिद्ध है। इसलिए नई पीढ़ी सत्ता, समाज या किसी संस्था से प्रश्न करती है तो उसे गलत नहीं माना जाना चाहिए।

उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि युवाओं के प्रश्नों को सुनना और संवाद में जुड़ना चाहिए। केवल प्रश्न पूछने के कारण किसी को अस्वीकार करने के बजाय उसकी बात समझने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं के बाहरी रूप को देखने के बजाय उनके भीतर की संवेदना को देखना चाहिए। भारत को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि देश राजनीतिक रूप से स्वतंत्र हो चुका है, लेकिन ह्यडिकोलोनाइजेशन ऑफ माइंडह्न की प्रक्रिया अभी जारी है। भारतीय सभ्यता के मूल्यों, दृष्टि और शब्दावली पर अधिक शोध की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने ह्यधर्मह्न की अवधारणा का उदाहरण दिया। उनके अनुसार भारतीय दृष्टि को समझने के लिए इतिहास, पुरातत्व, भाषाविज्ञान और सामाजिक विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में अध्ययन आवश्यक है।

विद्यार्थियों के बीच वैचारिक वातावरण बदलने के उपाय पर उन्होंने स्वाध्याय मंडल, ग्रुप डिस्कशन और राष्ट्रहित से जुड़ी रचनात्मक गतिविधियां शुरू करने का सुझाव दिया। उन्होंने बेंगलुरु के विद्यार्थियों के ह्यनमो भारतीह्न कार्यक्रम का उदाहरण देते हुए कहा कि छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से भी सकारात्मक वातावरण बनाया जा सकता है।

डिजिटल युग में संघ के कार्यों और तकनीक के उपयोग से जुड़े प्रश्न पर होसबाले ने कहा कि मूल विचार और मूल्य स्थायी होते हैं, लेकिन समय के साथ उपलब्ध साधनों का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाए, लेकिन वहां क्या और किस उद्देश्य से प्रसारित किया जा रहा है, यह व्यक्ति के संस्कार और विवेक पर निर्भर करता है। तकनीक मानवता, राष्ट्र, पर्यावरण और इतिहास के लिए लाभकारी होनी चाहिए तथा मनुष्य तकनीक का गुलाम बनने के बजाय उसे अपने नियंत्रण में रखे।

# सुचिका तारियाल ने एशियन गेम्स में पक्का किया पदक, बोलीं- यह पदक जिंदगी से भी ज्यादा महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।** मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) ने एशियन गेम्स में पहली बार दस्तक दी और भारत की सुचिका तारियाल ने इस ऐतिहासिक मौके को यादगार बना दिया। 36 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने रविवार को महिलाओं की ट्रेडिशनल 60 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया की अल्तानचिमेग बैगलमा को 2-0 से हराकर पदक पक्का कर लिया। सुचिका अब सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं, जहां सोमवार को सिंगापुर की तेओ हुई हून के खिलाफ खेलेंगी।

क्वार्टर फाइनल मुकाबले के बाद साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से खास बातचीत में सुचिका ने कहा कि एशियन गेम्स का पदक उनके लिए बेहद खास है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, परिवार और लंबे संघर्ष को दिया। सुचिका ने कहा, श्यह पदक मेरे लिए



बहुत मायने रखता है, क्योंकि यहां तक पहुंचने के लिए मैंने और मेरे कोचों ने बहुत कड़ी मेहनत की है। मेरे परिवार ने मुझ पर काफी पैसा खर्च किया है और मुझे हर संभव सहयोग दिया, ताकि मैं एक अच्छी एमएमए खिलाड़ी बन सकूं। इसलिए यह पदक मेरे लिए जिंदगी से भी ज्यादा मायने रखता है। सुचिका ने एशियन गेम्स में एमएमए के मुकाबलों को चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स के स्तर पर मुकाबला बहुत कड़ा होता है, क्योंकि यहां ज्यादातर प्रो लेवल के खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। स्कोरिंग भी अलग है, क्योंकि आप घुटनों और कोहनी का इस्तेमाल नहीं कर सकते। कभी-कभी इससे मदद भी मिलती है क्योंकि रिकवर करने के लिए समय मिल जाता है। चोट लगने की संभावना थोड़ी कम होती है, लेकिन यह बहुत टेक्निकल खेल है।

हरियाणा के रोहतक की रहने वाली सुचिका एक साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आती हैं। सुचिका ने 12 साल की उम्र में छेड़छाड़ की एक घटना के बाद आत्मरक्षा सीखने के उद्देश्य से जूडो अपनाया। उन्होंने शुरूआत में नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रशिक्षण लिया। इसके बाद उन्होंने पालम स्थित दादा देव मंदिर सेंटर में अपनी ट्रेनिंग जारी रखी और बाद में साई भोपाल में अपने कौशल को और निखारा। मेहनत और लगातार अभ्यास के दम पर सुचिका ने जूडो में शानदार पहचान बनाई। वह आठ बार की राष्ट्रीय जूडो चैंपियन बनीं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत के लिए कई पदक जीते। उन्होंने 2019 कॉमनवेल्थ जूडो चैंपियनशिप और 2019 दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा उन्होंने 2022 में बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं के -57 किग्रा वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जहां वह पदक जीतने से मामूली अंतर से चूक गई थीं।

# अंडर 19 टी -10 टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी यूपी और पूर्वांचल की टीमें




**वाराणसी।** टी –10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित होने वाली अंडर 19 टी –10 टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल की टीमें 29 सितंबर को जम्मू-कटरा के लिए रवाना होंगी। इस प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में प्रदेश और पूर्वांचल का प्रतिनिधित्व करने जा रहे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए रविवार को वाराणसी के लंका क्षेत्र के रमना ग्राम प्रधान अमित कुमार पटेल, बीएचयू पुलिस चौकी इंचार्ज सौरभ तिवारी बीएचयू के बिरला ग्राउंड पहुंचे। इस दौरान दोनों ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि राष्ट्रीय स्तर के मंच पर खेलते समय जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके साथ अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना का पालन करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों से मैदान पर एकजुट होकर पूरी मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ खेलने का आह्वान किया।

# नमन धीर की प्रतिभा के कायल इरफान पठान ने कहा, वह बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी भी कर सकते हैं

**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल ऑलराउंडर नमन धीर की तारीफ की है। पठान का मानना है कि नमन धीर जैसे खिलाड़ी की भारतीय वनडे टीम में कमी महसूस होती रही है क्योंकि वह बल्लेबाजी क्रम में अलग-अलग स्थानों पर योगदान देने के साथ-साथ उपयोगी गेंदबाजी भी कर सकते हैं। इरफान पठान ने जियो हॉटस्टार के कार्यक्रम 'फॉलो द ब्लूज' में नमन धीर के चयन पर अपनी राय रखी। भारत को 27 सितंबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इस सीरीज के लिए घोषित टीम में नमन का नाम भी शामिल रहा।

इरफान ने नमन धीर की प्रतिभा की तारीफ करते हुए कहा कि मैं नमन धीर की बहुत तारीफ करता हूं। मुझे लगता है कि वह बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। घरेलू क्रिकेट में उनके अच्छे प्रदर्शन के अलावा, उन्हें उनकी गेंदबाजी की क्षमता की वजह से भी चुना गया है। उन्होंने आगे कहा कि नमन ऐसा बल्लेबाज है जो टीम की जरूरत के मुताबिक ऊपरी और निचले दोनों क्रम में बल्लेबाजी कर सकता है। साथ ही अच्छी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी भी कर सकता है। मुझे लगता है कि वनडे टीम में ऐसे खिलाड़ी की थोड़ी कमी रही है।

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने नमन धीर के चयन के पीछे टीम कॉम्बिनेशन को भी अहम वजह बताया। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स की वजह से वॉशिंगटन सुंदर उपलब्ध नहीं हैं और रियान पराग को चोट की समस्या रही है इसलिए अगर नमन को मौका मिलता है तो मैं उन्हें खेलते हुए देखने के लिए उत्साहित रहूंगा। उनमें हुनर तो है लेकिन उनकी बल्लेबाजी से ज्यादा उनकी गेंदबाजी की परीक्षा होगी।

नमन धीर ने हाल ही में शेर-ए-पंजाब टी-20 में अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने खिताब जीतने वाली अमृतसर सूरमास के लिए बल्ले से जबरदस्त प्रदर्शन किया। नमन ने टूनार्मेंट में 10 पारियों में 72.28 के औसत से 655 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 217.61 रहा। नमन धीर ने अब तक 14 लिस्ट-ए मैच खेले हैं। इन मुकाबलों की 11 पारियों में उन्होंने 39.00 के औसत से 351 रन बनाए हैं। उनके नाम चार अर्धशतक हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 97 रन है। गेंदबाजी की बात करें तो नमन ने लिस्ट-ए क्रिकेट में 7 विकेट भी हासिल किए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए भी नमन धीर ने अपनी बल्लेबाजी की झलक दिखाई है। उन्होंने इस सीजन 14 मैचों में 26.50 के औसत और 147.22 के स्ट्राइक रेट से 318 रन बनाए हैं। नमन ने आईपीएल में मुंबई के लिए कुल 37 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्हें बल्ले से 710 रन निकले हैं।

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड़, केएल राहुल (उप-कप्तान), ध्रुव जुरेल, नितीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, मोहम्मद सिराज, आकिब नबी, यशस्वी जायसवाल, नमन धीर।





# 'हीरोइन' नहीं, दमदार अभिनेत्री के रूप में बनाना चाहती हूं पहचान

अभिनेत्री संदीपा धर हाल ही में नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल सीरीज 'चुंबक' में नजर आईं। उन्होंने अपने करियर में कॉमेडी, थ्रिलर, ड्रामा और इमोशनल कहानियों में अलग-अलग तरह के भूमिका निभाने की कोशिश की। संदीपा का मानना है कि एक कलाकार की पहचान तभी मजबूत होती है, जब वह खुद को बार-बार अलग भूमिकाओं में आजमाने से न डरे। आईएएनएस संग बातचीत में उन्होंने कहा कि उनके लिए सिर्फ 'हीरोइन' कहलाना कभी मकसद नहीं रहा। वह चाहती हैं कि लोग उन्हें एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर पहचानें, जो अलग-अलग तरह के किरदार निभाने की काबिलियत रखती है। संदीपा ने कहा, ''मेरा फोकस हमेशा एक एक्टर के तौर पर अपनी पहचान बनाने पर रहा है। मेरे लिए यह ज्यादा जरूरी है कि लोग मेरी एक्टिंग को नोटिस करें और मुझे अलग-अलग किरदार निभाने वाली अभिनेत्री के तौर पर याद रखें। 'हीरोइन' का टैग कोई मंजिल नहीं है, बल्कि एक कलाकार के लिए असली चुनौती अपने काम के जरिए पहचान बनाना है।''

संदीपा ने कहा, ''मैंने फिल्मों के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काम किया है। ओटीटी ने कलाकारों को ऐसा स्टेज दिया है, जहां वह अलग तरह की कहानियों और किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट कर सकते है। पहले जहां कलाकारों की एक खास इमेज बन जाने के बाद उन्हें उसी तरह के रोल ज्यादा मिलने लगते थे, वहीं ओटीटी पर अलग-अलग तरह के किरदारों के जरिए अपनी रेंज दिखाने के ज्यादा मौके मिल रहे हैं।''

अभिनेत्री ने आगे कहा, ''खुशकिस्मती से मैं ओटीटी स्पेस का हिस्सा बनी और मुझे अपनी अलग-अलग खूबियां दिखाने का मौका मिला। दर्शकों ने भी मुझे बहुत प्यार दिया है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि मैं आगे भी अलग-अलग किरदार निभाती रहूंगी और अपनी रेंज दिखाती रहूंगी।'' संदीपा धर की सीरीज 'चुंबक' का प्रीमियर 10 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर हुआ। जेडी मजेठिया और आतिश कपाड़िया की बनाई इस कॉमेडी-ड्रामा सीरीज में उनके साथ नीना गुप्ता, देवेन भोजानी, अर्जुन बिजलानी, हेली शाह, मानसी पारेख, सुमीत व्यास, सुमीत राघवन, अनंत वी. जोशी, अमायरा दस्तूर, डेलनाज ईरानी और अतुल कुमार जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं।



# नयनतारा की 'मूकुथी अम्मन 2' दिवाली पर मचाएगी धमाल

एक्ट्रेस नयनतारा की फिल्म 'मूकुथी अम्मान 2' को लेकर फैंस का इंतजार अब खत्म होने वाला है। डायरेक्टर सुंदर सी. की इस डिवोशनल थ्रिलर फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। मेकर्स ने सोमवार को बताया कि फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर 6 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज डेट के साथ ही फिल्म का रोमांचक टीजर भी जारी किया गया है। प्रोडक्शन हाउस वेल्स फिल्म इंटरनेशनल ने टीजर को 'राइज ऑफ महाशक्ति' नाम दिया है। इसे तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में जारी किया गया है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए फिल्म की रिलीज डेट की जानकारी दी। इसकी शुरुआत एक रहस्यमयी माहौल से होती है। एक सवार झरने से ढकी एक गुफा में पहुंचता है और अपनी रानी को आने वाले खतरे की खबर देता है। वह बताता है कि दुश्मन सैनिकों को पता चल चुका है कि बच्चा इसी जगह पर है और वे उसे ढूंढने के लिए यहां पहुंचने वाले हैं। इसके बाद कहानी का सबसे अहम हिस्सा सामने आता है। जिस बच्चे को दुश्मन सैनिक तलाश रहे हैं, वह कोई आम बच्चा नहीं बल्कि राजकुमार है। रानी के सामने अपने बच्चे को बचाने की चुनौती है, लेकिन उसके पास कोई रास्ता नहीं बचता। ऐसे में वह मूकुथी अम्मन देवी से मदद मांगती है। अपने बच्चे की जिंदगी बचाने के लिए रानी देवी के सामने अपनी जान तक की कुर्बानी दे देती है।

इसी बीच एक महिला की आवाज सुनाई देती है, जो कहती है कि उसे वह शख्स चाहिए, चाहे जिंदा मिले या मुर्दा। टीजर में एक ऐसे खतरनाक आदमी की झलक भी देखने को मिलती है, जिसके पास दूसरों को राख में बदल देने की ताकत है। इन सीन्स से साफ है कि फिल्म में सिर्फ आस्था और देवी की कहानी नहीं होगी, बल्कि इसमें सुपरनैचुरल ताकत, खतरा और एक बड़ा मिशन भी देखने को मिलेगा। इसके बाद कहानी अचानक आज के समय में पहुंच जाती है। यहां एक्ट्रेस देवी से बचाने की गुहार लगाते हैं। वह कहती है कि लोगों को पहले देवी की अहमियत समझ नहीं आई और अब उन्हें उनकी असली ताकत का एहसास हो गया है। इसके बाद टीजर में देवी के लौटने और बच्चे को बचाने की झलक दिखाई जाती है। पूरे टीजर को देखकर लगता है कि फिल्म की कहानी दो अलग-अलग समय में आगे बढ़ेगी और पुराने दौर की कहानी का कनेक्शन आज के समय से होगा। 'मूकुथी अम्मन 2' की शूटिंग पिछले साल ही पूरी हो चुकी है।



# अपकमिंग सीरीज 'वेटिंग है' में रेलवे कॉन्स्टेबल का रोल निभाने के लिए तैयार हैं दिव्येंदु

फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' से दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद, अभिनेता दिव्येंदु अब अपकमिंग सीरीज 'वेटिंग है' में रेलवे कॉन्स्टेबल का रोल निभाने के लिए तैयार हैं। मेकर्स ने इस स्कैम-बेस्ड कॉमेडी-ड्रामा का ट्रेलर जारी किया है।

'वेटिंग है' सीरीज के ट्रेलर में कन्फर्म रेलवे टिकट पाने के आम संघर्ष पर आधारित कहानी की झलक दिखाई गई है। पटना में सेट इस सीरीज की कहानी सुगम मिश्रा (दिव्येंदु) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे कॉन्स्टेबल के तौर पर अपनी नई नौकरी में जमने की कोशिश कर रहा है। कहानी में मोड़ तब आता है जब वह देखता है कि बुकिंग विंडो खुलने के कुछ ही सेकंड में रेलवे टिकट कन्फर्म हो जाते हैं।

सुगम मामले की जांच शुरू करता है और जल्द ही अफरोज हम्सा (भुवन अरोड़ा) का पीछा करने लगता है। अफरोज एक टेक एक्सपर्ट है, जिसने टिकट बुकिंग सिस्टम का तोड़ निकाल लिया है। जो मामला शुरू में आसान लगता है, वह जल्द ही एक बड़े रैकेट में बदल जाता है।

सुगम की पत्नी प्रिंसी (हर्षिता गौर) भी उसे मामले की गहराई से जांच करने के लिए कहती है।

जैसे-जैसे सुगम सच्चाई के करीब पहुंचता है, अफरोज उससे आगे रहने की कोशिश करता है।

परिवार और नौकरी के बीच तालमेल सीरीज के ट्रेलर में सुगम और उनकी पत्नी के बीच संघर्ष भी दिखता है। सुगम अपने परिवार और अपनी नौकरी के बीच तालमेल बिठाते हुए नजर आते हैं। सीरीज में कॉमेडी का डोज भी है।

अपकमिंग सीरीज को लेकर दिव्येंदु ने कहा, 'सुगम की जिस बात ने मुझे आकर्षित किया, वह यह है कि वह कोई आम पुलिस वाला नहीं है जिसे सब कुछ पता हो। वह प्रोफेशनल तौर पर अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहा है और साथ ही अपनी पर्सनल और नई शादीशुदा जिंदगी की सच्चाइयों का भी सामना कर रहा है। यह बैलेंस उसे बहुत रिलेटेबल बनाता है। मुझे उसके इस पहलू को एक्सप्लोर करने में मजा आया।'

# 'शैतान' के बाद फिर से हॉरर फिल्म से जुड़े अजय



अजय देवगन ने एक बार फिर हॉरर की दुनिया में कदम रख दिया है। 'शैतान' की सफलता के बाद उन्होंने पैनोरमा स्टूडियोज के साथ अपनी अगली अनटाइटल्ड हॉरर थ्रिलर की शूटिंग शुरू कर दी है। इसका निर्देशन रोहित जुगराज कर रहे हैं। इसे अजय की कंपनी देवगन फिल्म्स और पैनोरमा स्टूडियोज मिलकर बना रहे हैं। दोनों प्रोडक्शन हाउस इससे पहले 'शैतान' और 'रेड 2' जैसी फिल्मों पर साथ काम कर चुके हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। निर्देशक रोहित हाल ही में 'सरदार जी' फ्रेंचाइज के साथ-साथ सोनी लिव की 'चमक' और नेटफ्लिक्स की 'ये काली काली आंखें' जैसे प्रोजेक्ट्स से भी जुड़े रहे हैं। अलग-अलग जॉनर में काम कर चुके रोहित अब हॉरर और सस्पेंस की दुनिया तैयार करेंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म का माहौल रहस्य, अंजाने डर और सस्पेंस पर आधारित होगा।

## बिजी शेड्यूल के बीच क्राइम शो भी होस्ट कर रहे अजय

दूसरी तरफ अजय ने टीवी पर भी अपना डेब्यू कर लिया है। वह सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के चर्चित क्राइम शो 'क्राइम पेट्रोल: क्राइम का करंट सीजन' को होस्ट कर रहे हैं। अजय ने बताया कि उन्हें शो का सबसे दिलचस्प पहलू इसके वास्तविक अपराध मामलों से प्रेरित होना लगा है।

# 'डोंट बी शाय' को लेकर नर्वस महसूस कर रहीं हैं आलिया

अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी प्रोड्यूस आगामी फिल्म 'डोंट बी शाई' को लेकर सुर्खियों में चल रही हैं। अभिनेत्री ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान बताया कि वह फिल्म के साथ चार नए एक्टर्स और एक डेब्यूटेंट डायरेक्टर को इंट्रोड्यूस करने को लेकर ज्यादा नर्वस हैं। ट्रेलर लॉन्च के दौरान आलिया से पूछा गया था कि क्या उन्हें कभी लगा कि उन्हें भी इस फिल्म में एक्टिंग करनी चाहिए थी, तो इस पर उन्होंने कहा, 'नहीं, मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मुझे इस फिल्म में एक्टिंग करनी चाहिए थी।' आलिया ने फिल्म को लेकर उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस करने से उन्हें एक अलग तरह की खुशी मिली है, क्योंकि वह शुरू से ही इसकी कहानी और इसकी दुनिया बनाने में शामिल रही हैं। उन्होंने कहा, '14 साल पहले मैंने फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से एक एक्टर के तौर पर अपना डेब्यू किया था और अब इतने सालों बाद मैं चार नए एक्टर्स और एक डेब्यूटेंट डायरेक्टर को इंट्रोड्यूस कर रही हूं और मैं अभी उनसे कहीं ज्यादा नर्वस हूं। क्योंकि, आपके सवाल का जवाब दूं तो, मुझे एक एक्टर होना और कैमरे के सामने रहना पसंद है, लेकिन एक प्रोड्यूसर होने का एक अलग ही तरह का सुकून है।' एक्ट्रेस ने आगे कहा: 'जब फिल्म की निर्देशक श्रीति मुखर्जी हमारे पास इस मूवी बनाने का आइडिया लेकर आईं, तो हमने ही कहा कि चलो इसे साथ में करते हैं और फिर हम इसे अपने प्यारे पार्टनर्स के पास ले गए। यह कहानी मेरे दिल के बहुत करीब है और हर कोई इससे जुड़ पाएगा।'

श्रीति मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म 'डोंट बी शाय' 20 साल की लड़की श्यामिली 'शाइ' दास की कहानी है, जो मानती है कि उसने जिंदगी को समझ लिया है, लेकिन वह देखती है कि उसकी सोची-समझी जिंदगी एक अचानक मोड़ ले लेती है, क्योंकि सब कुछ उसके कंट्रोल से बाहर होने लगता है। इसमें आरुषि बजाज, पीयूष खाती, बियांका अरोड़ा और अंश दुग्गल जैसे नए चेहरे मुख्य भूमिकाओं में हैं।



# 'गैंग्स ऑफ वासेपुर 2' के बाद मेरे पास स्क्रिप्ट्स की बाढ़ आ गई थी



**नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज बॉलीवुड के सबसे बड़े कलाकारों में गिने जाते हैं। पहले फिल्मों में छोटे-मोटे रोल निभाने वाले अभिनेता ने कई फिल्मों में लीड रोल किया है। उन्होंने वर्षों तक छोटे-मोटे रोल किए और ऐसे रोल का इंतजार किया जो उनके करियर की दिशा बदल सके। यह टर्निंग पॉइंट 2012 में फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर 2' से आया। इसमें फैजल खान के उनके किरदार ने उन्हें इंडस्ट्री में एक खास पहचान दिलाई। अब पीछे मुड़कर देखते हुए, एक्टर ने फिल्म के रिलीज होने के बाद आए बड़े बदलाव और अचानक मिले ढेर सारे ऑफर को कैसे संभाला, इस बारे में बात की है।**

## आई थी स्क्रिप्ट की बाढ़

नवाजुद्दीन से पूछा गया कि किस फिल्म ने उन्हें पहली बार स्टार जैसा महसूस कराया। उन्होंने तुरंत 'गैंग्स ऑफ वासेपुर 2' का नाम लिया और एनडीटी के साथ बातचीत में कहा 'बेशक, यह 'गैंग्स ऑफ वासेपुर 2' ही है।' उन्होंने याद किया कि फिल्म को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स की वजह से उनके पास स्क्रिप्ट्स की बाढ़ आ गई थी।

## फैसलों को हावी नहीं होने दिया

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, ''गैंग्स ऑफ वासेपुर 2' के रिलीज होने के बाद, मुझे कम से कम 200 स्क्रिप्ट्स मिलीं। मेरी टेबल पर ब्लैंक चेक रखे होते थे। लोग कहते थे, 'ये रही स्क्रिप्ट और ये रहा ब्लैंक चेक। आप जो चाहें वो रकम लिख दें और जो भी तारीखें आपके पास हों, हमें दे दें।'' एक ऐसे अभिनेता के लिए जिसने वर्षों तक काम की तलाश में बिताए हों, यह स्थिति एक के बाद एक प्रोजेक्ट साइन करने का मौका हो सकती थी। हालांकि, नवाजुद्दीन ने अचानक मिली इस लोकप्रियता को अपने फैसलों पर हावी नहीं होने दिया।

## क्यों ठुकराए ऑफर

सैकड़ों स्क्रिप्ट्स पर विचार करने और अपनी फीस खुद तय करने की आजादी मिलने के बावजूद, उन्होंने उन सभी को ठुकरा दिया क्योंकि उन्हें कहानी या कंटेंट पसंद नहीं आया। अभिनेता ने कहा, 'मैंने उनमें से एक भी स्क्रिप्ट नहीं चुनी क्योंकि मुझे कोई भी पसंद नहीं आई। मैंने तय किया कि मैं सही स्क्रिप्ट का इंतजार करूंगा।'

## नहीं करना पड़ा इंतजार

उन्होंने याद करते हुए कहा, 'मुझे काम के लिए वर्षों तक इंतजार करने की आदत हो गई थी, इसलिए मैंने सोचा कि जल्दबाजी में कुछ साइन करने के बजाय मैं दो-तीन साल और इंतजार कर सकता हूं।'

उन्होंने आगे कहा, 'भगवान की कृपा से, मुझे ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा, क्योंकि जल्द ही मुझे कुछ बहुत अच्छी फिल्में मिलने लगीं।'

# 'वो फिर कभी दिखा नहीं' के लिए साथ आए नवाजुद्दीन और तिग्मांशु धूलिया



नवाजुद्दीन सिद्दीकी और तिग्मांशु धूलिया एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। दोनों ने इससे पहले कई फिल्मों में साथ काम किया है, लेकिन इस बार वे दर्शकों के लिए कुछ खास ला रहे हैं। तिग्मांशु के निर्देशिन में बनने वाली यह फिल्म एक म्यूजिकल थ्रिलर बताई जा रही है, जिसका नाम 'वो फिर कभी दिखा नहीं' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक...' यह फिल्म मशहूर कवि और लेखक उदय प्रकाश की इसी नाम की शॉर्ट स्टोरी पर आधारित है। फिल्म की कहानी और किरदारों से जुड़ी ज्यादातर जानकारी फिलहाल गुप्त रखी गई है। खबर यह भी है कि फिल्म की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है।'

## संक्षिप्त समाचार

### तेजा दशमी और रामदेव जयंती पर स्पीकर देवनानी ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

- लोकदेवता वीर तेजाजी के शौर्य, त्याग और वचनबद्धता
- बाबा रामदेवजी के सेवा-समानता के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान

**चमकता राजस्थान/जयपुर। (खलील कुरैशी)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने तेजा दशमी एवं बाबा रामदेव जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।देवनानी ने कहा कि लोकदेवता वीर तेजाजी राजस्थान की लोक आस्था, त्याग, शौर्य और वचनबद्धता के प्रतीक हैं। उनका जीवन सत्य, साहस, सेवा तथा संकल्प के प्रति दृढ़ रहने की प्रेरणा देता है। वहीं बाबा रामदेवजी लोक आस्था, श्रद्धा और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं, जिन्होंने मानव सेवा, समानता, भाईचारे एवं लोककल्याण का संदेश दिया विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि तेजा दशमी और रामदेव जयंती राजस्थान की समृद्ध लोक परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़े महत्वपूर्ण पर्व हैं। ये पर्व समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संदेश देते हैं।उन्होंने प्रदेशवासियों का आ''ान किया कि लोकदेवताओं एवं संत-महापुरुषों के जीवन-मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज और प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान दें।

### रायसिंहनगर में अध्यक्ष पद का मुकाबला त्रिकोणीय, कल होगा फैसला

- अश्वनी शर्मा, मयंक सिंगल और मनीष मोहन कौशल आमने-सामने, 18 के आंकड़े पर टिकी निगाहें

**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर।** नगरपालिका चुनाव के बाद अब रायसिंहनगर में अध्यक्ष पद की कुर्सी को लेकर सियासी मुकाबला बेहद दिलचस्प दौर में पहुंच गया है। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रमुख दावेदार मैदान में होने से मुकाबला त्रिकोणीय नजर आ रहा है। कांग्रेस समर्थित निर्दलीय अश्वनी शर्मा, भाजपा के मयंक सिंगल और निवर्तमान अध्यक्ष मनीष मोहन कौशल ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश की है। मुकाबले में उस समय नया मोड़ आया, जब निवर्तमान अध्यक्ष मनीष मोहन कौशल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया। वहीं भाजपा ने मयंक सिंगल को अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने निर्दलीय पार्षद अश्वनी शर्मा को समर्थन दिया है। 35 सदस्यीय नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए बहुमत का आंकड़ा 18 है। चुनावी गणित में भाजपा के 13, कांग्रेस के 11 और निर्दलीय 11 पार्षद बताए जा रहे हैं। ऐसे में अध्यक्ष पद की कुर्सी तक पहुंचने के लिए निर्दलीय पार्षदों का समर्थन निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

- **कल होगा अध्यक्ष का फैसला**

अध्यक्ष पद के लिए 21 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। राज्य के अन्य नगरीय निकायों के साथ रायसिंहनगर में भी अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सियासी गतिविधियां तेज हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि 35 पार्षदों में से 18 का समर्थन किसके साथ खड़ा होता है। क्या भाजपा अपने 13 पार्षदों के साथ जरूरी समर्थन जुटा पाएगी, क्या कांग्रेस समर्थित अश्वनी शर्मा निर्दलीयों को साथ लाकर बहुमत का आंकड़ा छू पाएंगे, या फिर निवर्तमान अध्यक्ष मनीष मोहन कौशल का निर्दलीय दांव पूरा राजनीतिक गणित बदल देगा? फिलहाल रायसिंहनगर की नजरें नगरपालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर टिकी हैं और कल मतदान के बाद ही साफ होगा कि शहर की कमान किसके हाथ में जाएगी।

# उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए पूनम आचार्य को 'महर्षि गौतम समाज रत्न' सम्मान

## विद्याधर नगर स्थित परशुराम भवन में गरिमापूर्ण समारोह वरिष्ठजनों, प्रतिभावान विद्यार्थियों और समाजसेवियों का सम्मान

- मातृशक्ति के सशक्तिकरण के साथ समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान को मिला सम्मान,
- अंतरराष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य ताराचंद शास्त्री भी समाज रत्न से अलंकृत

चमकता राजस्थान



**जयपुर। (खलील कुरैशी)** महर्षि गौतम समाज वैवाहिक संस्थान, जयपुर एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के तत्वावधान में आयोजित महर्षि गौतम समाज रत्न एवं प्रतिभा सम्मान समारोह विद्याधर नगर स्थित परशुराम भवन में गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में जयपुर सांसद मंजू शर्मा मुख्य अतिथि रहीं, जबकि अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गौड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने अध्यक्षता की।समारोह में मातृशक्ति वर्ग में पूनम आचार्य को उत्कृष्ट समाजसेवा एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'महर्षि गौतम समाज रत्न' की उपाधि से अलंकृत किया गया। समाजसेवा के प्रति उनके समर्पण और सक्रिय योगदान की सराहना करते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। पूनम आचार्य को मिला यह सम्मान समाज में मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।वहीं पुरुष वर्ग में अंतरराष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य ताराचंद शास्त्री को ज्योतिष के क्षेत्र में उनके अद्भुत एवं उल्लेखनीय कार्यों तथा विशिष्ट योगदान के लिए 'महर्षि गौतम समाज रत्न' से सम्मानित किया गया।

- **वरिष्ठजनों और प्रतिभाओं का सम्मान**

समारोह में समाज के 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों को विभिन्न क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही समाजसेवा के माध्यम से विशिष्ट पहचान बनाने वाले प्रबुद्धजनों को भी सम्मान प्रदान किया गया।कार्यक्रम में प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए आरएसआई, एसआई, माध्यमिक शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

परित्यक्ता एवं विधवा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

समारोह में मातृशक्ति को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए महिलाओं को सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। विशेष रूप से परित्यक्ता एवं विधवा महिलाओं को आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने के उद्देश्य से सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई गईं, ताकि वे छोटे स्तर पर स्वरोजगार शुरू कर अपनी आजीविका का साधन विकसित कर सकें।

# आरपीएससी एसआई पुनः परीक्षा-2021 जयपुर में शांतिपूर्वक सम्पन्न

## 187 परीक्षा केन्द्रों पर दो पारियों में हुई परीक्षा

### पहली पारी में 66.89 और दूसरी में 66.29 प्रतिशत रही उपस्थिति

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी)। राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित उप निरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर संयुक्त प्रतियोगी पुनः परीक्षा-2021 (गृह विभाग) जयपुर जिले में रविवार को निर्धारित 187 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा दो पारियों में आयोजित की गई।प्रथम पारी में परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुई, जिसमें निर्धारित 68,662 अभ्यर्थियों में से 45,930 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 22,732 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस पारी में 66.89 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। वहीं द्वितीय पारी में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित परीक्षा में 45,514 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 23,148 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पारी में 66.29 प्रतिशत उपस्थिति रही।



- **जिला कलक्टर ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण**

जिला कलक्टर संदेश नायक ने परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।परीक्षा के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया तथा गोपनीय परीक्षा सामग्री को सुरक्षित रूप से परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए 62 उप समन्वयकों की नियुक्ति की गई। परीक्षा की निगरानी एवं व्यवस्थाओं के लिए 32 सतर्कता दलों का गठन किया गया, जिनमें प्रशासनिक, पुलिस एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

- **परीक्षा समाप्ति तक सक्रिय रहा नियंत्रण कक्ष**

परीक्षा समन्वयक नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि परीक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए जिला कलेक्ट्रेट के कक्ष संख्या 116 में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया था। नियंत्रण कक्ष परीक्षा समाप्ति तक सक्रिय रहा और परीक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं एवं सूचनाओं की लगातार निगरानी की गई।जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से जयपुर जिले में आरपीएससी एसआई पुनः परीक्षा-2021 का आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ।

# अवधूत बाबा अरुण गिरि जी महाराज से डी.एल.शर्मा के नेतृत्व प्रतिनिधिमंडल ने की शिष्टाचार भेंटवार्ता, लिया आशीर्वाद,

- गोशाला में गौमाताओं की सेवा कर खिलाया प्रसाद
- पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना के लिए बाबा अरुण गिरि जी महाराज का संदेश महत्वपूर्ण : डी.एल. शर्मा




**चमकता राजस्थान/जयपुर/ऋषिकेश।( खलील कुरैशी)!** आवाह्न पीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 अवधूत बाबा अरुण गिरि जी महाराज (एन्वायरमेंट बाबा) से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.एल. शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ऋषिकेश स्थित आश्रम पहुंचा। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, गोसेवा, सामाजिक सरोकार एवं आध्यात्मिक चेतना को लेकर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा हुई।प्रतिनिधिमंडल में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता ललित गुप्ता, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष अंकुर भारत कुकरेजा, कुलदीप चौहान सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।आश्रम पहुंचने पर डी.एल. शर्मा सहित प्रतिनिधिमंडल ने आश्रम की गोशाला में गौमाताओं को प्रसाद खिलाया। इसके पश्चात पूज्य गुरुदेव अवधूत बाबा अरुण गिरि जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर बाबा अरुण गिरि जी महाराज और डी.एल. शर्मा के बीच पर्यावरण संरक्षण, गोसेवा, सामाजिक जिम्मेदारी, आध्यात्मिक मूल्यों तथा समाज में सकारात्मक चेतना के विस्तार को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बाबा अरुण गिरि जी महाराज ने पर्यावरण संरक्षण को जनजीवन से जोड़ने तथा प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की आवश्यकता पर मार्गदर्शन दिया।डी.एल. शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा केवल व्यक्तिगत दायित्व नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। संतों के मार्गदर्शन और समाज की सक्रिय सहभागिता से पर्यावरण संरक्षण, गोसेवा तथा सामाजिक सद्भाव के संदेश को व्यापक स्तर तक पहुंचाया जा सकता है।

उन्होंने बाबा अरुण गिरि जी महाराज के पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक चेतना के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन समाज को प्रकृति संरक्षण, सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूक करने की दिशा में प्रेरणादायी है।इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण, गोसेवा और सामाजिक सद्भाव के सकारात्मक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

# नगर पालिका अध्यक्ष पद से पहले रायसिंहनगर में सियासी हलचल तेज

चमकता राजस्थान

- राकेश चौहान उर्फ लाला खटीक व गुरु रविदास गुरुद्वारा प्रधान अजीत सिंह को पुलिस द्वारा पुलिस थाना लाया गया, वार्ड 21 में ड्रग्स विभाग की कार्रवाई से भी हड़कंप



रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)नगर पालिका चुनाव के नतीजों के बाद अब अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी बीच शहर में दो अलग-अलग कार्रवाई की खबरों ने सियासी हलकों में चर्चा बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार रायसिंहनगर के नामचीन व्यक्ति राकेश चौहान उर्फ लाल खटीक को पुलिस अपने साथ लेकर गई। बताया जा रहा है कि पुलिस अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। हालांकि पुलिस की ओर से कार्रवाई के कारणों को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। चुनाव परिणाम आने के बाद अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक समीकरण बनने के दौर में हुई इस कार्रवाई से शहर में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोग अपने-अपने स्तर पर इसके अलग-अलग मायने निकाल रहे हैं। कार्रवाई का चुनावी राजनीति से कोई संबंध है या यह किसी अन्य मामले में की गई सामान्य पुलिस कार्रवाई है, इसका स्पष्ट पता आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही चल सकेगा। इधर वार्ड 21 की निर्दलीय प्रत्याशी नसरीन कुरैशी के घर/क्लिनिक पर ड्रग्स विभाग की टीम द्वारा छापेमारी किए जाने की सूचना भी सामने आई है। कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा दस्तावेजों अथवा दवाइयों की जांच किए जाने की बात कही जा रही है। इस कार्रवाई को लेकर भी विभाग की ओर से विस्तृत आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।


एक ही समय में पुलिस कार्रवाई और ड्रग्स विभाग की छापेमारी की खबरों से रायसिंहनगर के राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में हलचल बढ़ गई है। फिलहाल दोनों कार्रवाइयों के वास्तविक कारण और आगे की कानूनी कार्रवाई को लेकर तस्वीर आधिकारिक बयान के बाद ही स्पष्ट होगी।

## राजमंदिर में 'म्हारो श्याम' के प्रदर्शन से फिल्मकारों में जगी नई उम्मीद

# राजस्थानी फिल्में देखने दर्शकों ने फिर बढ़ाया रुझान

## रॉयलवुड ग्रुप रिलीज मृतप्राय पड़े राजस्थानी सिनेमा के लिए ऑक्सीजन का काम कर रहा : राज जांगिड़

चमकता राजस्थान





**जयपुर। (खलील कुरैशी)।** राजस्थान रॉयलवुड फिल्म ग्रुप रिलीज की पहल से राजस्थानी फिल्मों के प्रति दर्शकों का रुझान फिर बढ़ता दिखाई दे रहा है। रविवार को राजमंदिर सिनेमा में नंदकिशोर मित्तल एवं विजयालक्ष्मी द्वारा निर्मित तथा मंजूर अली कुरैशी के निर्देशन में बनी राजस्थानी फिल्म 'म्हारो श्याम' का प्रदर्शन हुआ, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला।लंबे समय से सीमित निर्माण एवं प्रदर्शन के दौर से गुजर रहे राजस्थानी सिनेमा को सक्रिय बनाए रखने के लिए निर्माता-निर्देशक लगातार प्रयासरत हैं। लेखक-निर्देशक लखविंदर सिंह एवं निर्मात्री रेखा परिहार ने कहा कि राजस्थान के फिल्मकार एकजुट होकर अपनी फिल्मों को राजमंदिर जैसे प्रतिष्ठित सिनेमा हॉल में प्रदर्शित करें तो राजस्थानी फिल्मों को व्यापक दर्शक वर्ग और नई ऊंचाइयां मिल सकती हैं।इस अवसर पर राजकीय सम्मान से सम्मानित प्रसिद्ध अभिनेता राज जांगिड़ ने कहा कि रॉयलवुड फिल्म परिवार ग्रुप रिलीज के माध्यम से हर रविवार राजस्थानी फिल्मों को देश के प्रसिद्ध सिनेमा हॉल में दर्शकों तक पहुंचा रहा है। यह पहल मृतप्राय पड़े राजस्थानी सिनेमा के लिए ऑक्सीजन का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि फिल्म 'माँ' भी ग्रुप रिलीज का हिस्सा है और जल्द प्रदर्शित की जाएगी।

### ये गणमान्यजन रहें मौजूद

» कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एम.डी. सोनी, सिकंदर चौहान, राजकिशोर सक्सैना, रियाज फारूकी, निर्माता-निर्देशक मोहसिन खान, गजेंद्र सिंह शेखावत, हरलाल बुनकर, एम.आर. के. मयूर, रितु अरोड़ा, सुशीला सारस्वत, शैलजा बंसल, रेणु बैरवा सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन एवं दर्शक उपस्थित रहे।

**प्रपत्र संख्या 7**

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग**
**जोधपुर (राज.)**

सत्यमेव जयते

**राजस्थान सार्वजनिक प्रय्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

पत्रावली संख्या :- 78 / 2026 / पाली — दिनांक : **28.07.2026**

**नोटिस**

वास्ते :-
**अशोक कुमार पुत्र मानमल कोठारी,**
**श्री नगी बाई जैन भोजनशाला,**
**खिमेल, तह. बाली, जिला पाली**

**अशोक कुमार** ने राजस्थान सार्वजनिक प्रय्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(1) के अंतर्गत **श्री नगी बाई जैन भोजनशाला, खिमेल, तह. बाली, जिला पाली** प्रय्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये निवेदन किया हैं।

अत एव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुस्त्त प्रय्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे, इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 (साठ) दिन के भीतर उक्त प्रय्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हों, प्रस्तुत करें। आगामी पेशी तारीख **30.09.2026** की रखी गयी है।

और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निपित किया जायेगा तथा जांच प्रस्तुत मामलों में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक **28.07.2026** को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग**
**जोधपुर**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929